www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

**मौसम**
अधिकतम तापमान 32.c
27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 95.770g
चांदी 97,030kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper
bharatsamvad.live

2 जाति जनगणना का हो सार्थक उपयोग, सामाजिक खाई को बढ़ावा देने का डर

13 किसानों को फसल नुकसान का मिला मुआवजा 04

वर्ष :08 | अंक :314 | मुंबई , मगंलवार ,06 मई , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### नशे में धुत पिता ने गोली मारकर बेटे की हत्या की, हमले में बहू घायल

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में एक सेवानिवृत्त होमगार्ड ने पर अपने बड़े बेटे की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी और उसकी पत्नी को घायल कर दिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बड़हलगंज थानाक्षेत्र के चौतीसा गांव में हुई घटना के संबंध में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी हरि नारायण यादव ने शनिवार देर रात शराब के नशे में घरेलू विवाद के दौरान अपनी लाइसेंसी बंदूक से अपने बेटे अनूप (38) पर गोली चला दी। पुलिस ने मृतक अनूप की मां विमला देवी के हवाले से बताया कि उनका (विमला का) पति अक्सर नशे में हंगामा करता था। पुलिस ने बताया कि घटना वाली रात हरि नारायण शराब के नशे में अनूप के घर पहुंचा और वहां उससे झगड़ा कर अपने घर चला गया।

### अमृतसर से 2 पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार, सेना की जानकारी कर रहे थे लीक

पंजाब पुलिस ने अमृतसर में सैन्य छावनी क्षेत्रों और वायुसेना अड्डों की संवेदनशील जानकारी और तस्वीरें लीक करने में कथित भूमिका को लेकर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने जासूसी के खिलाफ एक अभियान के दौरान पलक शेर मसीह और सूरज मसीह को शनिवार को गिरफ्तार किया। उनके अमृतसर जेल में बंद हरप्रीत सिंह उर्फ पिट्टू के जरिए पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों से संबंध होने का पता चला। केस दर्ज किया है और जांच जारी है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने एक्स पर लिखा कि एक महत्वपूर्ण जवाबी जासूसी अभियान में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने 3 मई 2025 को दो व्यक्तियों पलक शेर मसीह और सूरज मसीह को अमृतसर में सेना के छावनी क्षेत्रों और हवाई अड्डों की संवेदनशील जानकारी और तस्वीरें लीक करने में उनकी कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किया। अमृतसर ग्रामीण के एसएसपी मनिंदर सिंह के अनुसार, उनके मोबाइल फोन से पाकिस्तान से जुड़ी कई संवेदनशील साइटों और फोन नंबरों की तस्वीरें बरामद की गईं। डीजीपी ने कहा कि शुरूआती जांच से पता चलता है कि वे हरप्रीत सिंह उर्फ ??पिट्टू के माध्यम से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के संपर्क में थे, जो वर्तमान में अमृतसर सेंट्रल जेल में है। पुलिस ने कहा कि इन दोनों को सूचना के बदले में विदेश स्थित आईएसआई संचालकों द्वारा भुगतान किया गया था। विवरण का अंतिम सेट एक दिन पहले ही भेजा गया था, और इस सप्ताह की शुरूआत में 10,000 रुपये प्राप्त हुए थे। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, दोनों व्यक्ति दिहाड़ी मजदूर हैं

# पाकिस्तान पर एक्शन की बड़ी तैयारी:पीएम की डिफेंस सेक्रेटरी के साथ अहम मीटिंग

## पाकिस्तान का दावा- भारत की रक्षा से जुड़ी वेबसाइट हैक की

**अहम मीटिंग**

▶▶जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बैसरन घाटी में हथियारबंद आतंकवादियों द्वारा 25 पर्यटकों और एक कश्मीरी टट्टू चालक की निर्मम हत्या को 12 दिन बीत चुके हैं। इस हमले की क्रूरता ने पूरे देश में आक्रोश पैदा कर दिया है।

एजेंसी

नयी दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले पर भारत की प्रतिक्रिया के बारे में अटकलों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, यह मुलाकात प्रधानमंत्री द्वारा एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह से मुलाकात के एक दिन बाद हुई है। प्रधानमंत्री ने अब तक सेना, नौसेना और वायु सेना के प्रमुखों से मुलाकात की है, क्योंकि केंद्र सरकार इस बात पर विचार कर रही है कि वह पाकिस्तान के खिलाफ किस तरह की कार्रवाई करेगी, जिस पर 26 निर्दोष लोगों की जान लेने वाले आतंकी हमले में शामिल होने का संदेह है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बैसरन घाटी में हथियारबंद आतंकवादियों द्वारा 25 पर्यटकों और एक कश्मीरी टट्टू चालक की निर्मम हत्या को 12 दिन बीत चुके हैं। इस हमले की क्रूरता ने पूरे देश में आक्रोश पैदा कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चेतावनी दी है कि आतंकी हमले को अंजाम देने और इसकी साजिश रचने वालों को ऐसी सजा मिलेगी जिसकी वे कल्पना भी नहीं कर सकते। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सशस्त्र बलों के साथ मिलकर काम करना और भारत पर बुरी नजर रखने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना उनकी जिम्मेदारी है। रक्षामंत्री सिंह ने दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं और उनकी कार्यशैली, दृढ़ संकल्प और जिस तरह से वह जोखिम उठाते हैं।



### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में रूस भारत का साथ देगा...
#### राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी से फोन पर की बात



नई दिल्ली: रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की है. उन्होंने पहलगाम में हुए हमले की निंदा की. भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पोस्ट पर इसकी जानकारी दी है .विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और भारत के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की. उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही. पुतिन ने इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए.

### पंजाब के गुरदासपुर में पकड़ा गया पाकिस्तानी नागरिक, बीएसएफ ने पंजाब पुलिस को सौंपा

सीमा सुरक्षा के एक महत्वपूर्ण उल्लंघन में, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने 3-4 मई की मध्य रात्रि में एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार कर लिया, जब उसे पंजाब के गुरदासपुर जिले में अवैध रूप से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करते देखा गया। घुसपैठिए की पहचान पाकिस्तान के गुजरांवाला जिले के निवासी मोहम्मद अजमल के बेटे हुसैन के रूप में हुई है। उसे सीमा सुरक्षा बाड़ के आगे फल्कू नाला के पास भारतीय क्षेत्र में करीब 250 मीटर अंदर सीमा स्तंभ संख्या 63/एम के संरेखण में पकड़ा गया।

# पाकिस्तान से तनाव के बीच सभी राज्यों में होगा मॉक ड्रिल

## केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिया निर्देश

मार्क ड्रिल कि अगर युद्ध की स्थिति होती है तो आपको सिविल डिफेंस सिस्टम के तहत वो कौन कौन से प्रोटोकॉल हैं जो फॉलो करना चाहिए। सूत्रों के मुताबिक, इस मॉक ड्रिल के दौरान एयर रेड सायरन बजाने, लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की योजना (इवैक्यूएशन प्लान) जैसी गतिविधियां शामिल रहेंगी।

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री के निर्देश पर गृह मंत्रालय ने कुछ राज्यों जैसे जम्मू कश्मीर, पंजाब, राजस्थान जिनके बॉर्डर पाकिस्तान की सीमा के साथ लगे हुए हैं। उन्हें एक तरह से निर्देश दिया गया है कि 7 मई को एक मॉक ड्रिल करें। इस प्रकार का मार्क ड्रिल कि अगर युद्ध की स्थिति होती है तो आपको सिविल डिफेंस सिस्टम के तहत वो कौन कौन से प्रोटोकॉल हैं जो फॉलो करना चाहिए। सूत्रों के मुताबिक, इस मॉक ड्रिल के दौरान एयर रेड सायरन बजाने, लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की योजना (इवैक्यूएशन प्लान) जैसी गतिविधियां शामिल रहेंगी।

इन कदमों से साफ लग रहा है कि भारत की सरकार आतंकवाद को लेकर जीरो टालरेंस के मूड में नजर आ रही है। जिस प्रकार का बयान प्रधानमंत्री मोदी ने दिया था, उसी दिशा में आगे बढ़ा जा रहा है। इसी क्रम में भारत के एक्शन के जवाब में पाकिस्तान की तरफ से कोई भी दुस्साहस होता है तो उसे उसके अंजाम तक भी पहुंचाया जाएगा। फिलहाल भारत की लड़ाई आतंकवाद को लेकर है। लेकिन पाकिस्तान उसके बाद जिस तरह का रिएक्शन देगा उससे ज्यादा और जोरदार जवाब दिया जाएगा। इसके लिए बहुत जरूरी है कि हमारे राज्यों के लोग उसी प्रकार से तैयार रहें।




### मॉक ड्रिल में किन बातों पर फोकस

1. अगर एयर स्ट्राइक होता है तो उसका सायरन किस प्रकार से बजाया जाना चाहिए। जिससे लोगों को पहले ही सूचना मिल जाए।
2. हमले की स्थिति में खुद को बचाने के लिए सिविल डिफेंस पर नागरिकों, छात्रों आदि को प्रशिक्षण दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में क्या क्या करना है। अगर किसी को चोट लगी,
3. क्रैश ब्लैक आउट उपायों का प्रावधान
4. अगर कोई बड़े प्लांट हैं, तो उनकी सुरक्षा किस प्रकार से की जाए।
5. निकासी योजना का अद्यतनीकरण और उसका पूर्वाभ्यास

# नकदी विवाद: तीन न्यायाधीशों के पैनल ने जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ जांच पर रिपोर्ट सीजेआई को सौंपी

> दिल्ली हाई कोर्ट के तत्कालीन जस्टिस वर्मा को कथित रूप से बेहिसाब धन पाए जाने के बाद जांच का सामना करना पड़ा था. 28 मार्च को केंद्र ने दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाई कोर्ट में स्थानांतरित करने को मंजूरी दे दी थी.

एजेंसी

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए गठित तीन न्यायाधीशों की समिति ने 4 मई, 2025 को भारत के मुख्य न्यायाधीश को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है. इलाहाबाद हाई कोर्ट के वर्तमान जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास में आग लगने के बाद कथित तौर पर भारी मात्रा में नकदी मिलने के बाद बड़ा विवाद खड़ा हो गया था.



इस बारे में सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक बयान में कहा गया कि पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस जी.एस. संधावालिया और कर्नाटक हाई कोर्ट की जस्टिस अनु शिवरामन की तीन सदस्यीय समिति, जो वर्तमान जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच करने के लिए गठित की गई थी. इस तीन सदस्यीय समिति ने 3 मई को अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया था. समिति ने अपनी रिपोर्ट भारत के मुख्य न्यायाधीश को 4 मई, 2025 को सौंप दी है.बता दें कि 24 मार्च को भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अगुवाई वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने एक प्रस्ताव जारी किया था, जिसमें केंद्र को जस्टिस वर्मा को उनके मूल उच्च न्यायालय इलाहाबाद हाई कोर्ट में वापस भेजने की सिफारिश की गई थी, जहां से उन्हें 2021 में दिल्ली हाई कोर्ट में स्थानांतरित किया गया था.

सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर एक बयान में कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 20 और 24 मार्च 2025 को आयोजित अपनी बैठकों में दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाई कोर्ट में वापस भेजने की सिफारिश की है।

# पहलगाम हमला, हिमांशी नरवाल का महिला आयोग-ओवैसी ने किया बचाव

## एनसीडब्लू बोला- किसी महिला को उसकी अभिव्यक्ति के आधार पर ट्रोल करना गलत

▶▶ओवैसी ने भी किया हिमांशी का समर्थन हिमांशी को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और सोशल मीडिया पर हजारों अन्य लोगों से समर्थन भी मिला है।

एजेंसी

नई दिल्ली , 1 मई को हिमांशी ने कहा था- घटना के बाद लोग जिस तरह से मुस्लिम और कश्मीरियों के खिलाफ बोल रहे हैं, वो नहीं होना चाहिए। हमें न्याय चाहिए। जिन लोगों ने गलत किया उनको सजा मिलनी चाहिए।बयान के बाद हिमांशी की ट्रोलिंग की गई। लोगों ने उन्हें अपशब्द भी कहे। उन्हें गोली मारने की भी बात कही गई। सोमवार को हिमांशी के सपोर्ट में राष्ट्रीय महिला आयोग आया और असदुद्दीन ओवैसी आए।



आयोग ने कहा- किसी महिला को उसकी अभिव्यक्ति के आधार पर ट्रोल करना गलत है। हिमांशी को उनके एक बयान के लिए ट्रोल करना गलत और दुर्भाग्यपूर्ण है। किसी महिला के निजी जीवन को आधार बनाकर उसे ट्रोल करना अस्वीकार्य है।

ओवैसी ने सरकार से कुछ राज्यों में कश्मीरियों को निशाना बनाए जाने की खबरों के बीच हिमांशी के शब्दों को याद रखने के लिए कहा।

# खड़े ट्रक में घुसी इंडियन आइडल-12 के विजेता पवनदीप राजन की कार, हालत नाजुक

### झपकी बनी हादसे का कारण

गजरौला में हाईवे पर सीओ दफ्तर के सामने कट पर खड़े एक कैंटर में कार पीछे से घुस गई. हादसे में 3 लोग घायल हुए.

एजेंसी

अमरोहा: उत्तर प्रदेश के अमरोहा जनपद में दिल्ली नेशनल हाईवे पर इंडियन आइडल सीजन-12 के विजेता और उत्तराखंड के ब्रांड एंबेसडर पवनदीप राजन की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई. इसमें सिंगर पवनदीप राजन और उनके 2 साथी घायल हो गए.तीनों को निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद नोएडा के लिए रेफर कर दिया गया है. पवनदीप राजन की हालत गंभीर बताई जा रही है. उनके दोनों पैर और हाथ में फ्रैक्चर हुआ है. ये सभी उत्तराखंड से दिल्ली जा रहे थे. दिल्ली से इनकी अहमदाबाद की फ्लाइट थी. पवनदीप का अहमदाबाद में इवेंट था.



# भाजपा सरकार का नया कारनामा गोबरनामा : अखिलेश यादव

## सरकारी भवनों में गाय के गोबर से बने प्राकृतिक पेंट का इस्तेमाल करने पर साधा निशाना

> मुख्यमंत्री ने पशुपालन एवं दुग्ध विकास विभाग की समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए थे कि निराश्रित गोवंश संरक्षण केंद्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं।

एजेंसी

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को सरकारी भवनों में गाय के गोबर से बने प्राकृतिक पेंट के इस्तेमाल की वकालत करने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि गोबरनामा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार का नया कारनामा है यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गोबरनामा भाजपा सरकार का नया कारनामा। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर भी पोस्ट की, जिसमें सरकारी भवनों में गाय के गोबर से बने प्राकृतिक पेंट के इस्तेमाल की खबर छपी हुई थी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अधिकारियों को गौ संरक्षण केंद्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया था और सरकारी भवनों में गाय के गोबर से बने प्राकृतिक पेंट के इस्तेमाल की वकालत की थी।मुख्यमंत्री ने रविवार को पशुपालन एवं दुग्ध विकास विभाग की समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए थे कि निराश्रित गोवंश संरक्षण केंद्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट का प्रयोग सरकारी भवनों में भी किया जाए और इन पेंट संयंत्रों की संख्या बढ़ाई जाए।योगी ने कहा था कि पशुपालन और दुग्ध विकास प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार है



# एक के बदले दस सिर...

### उदित राज ने पीएम मोदी को याद दिलाया पुराना वादा

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता उदित राज ने सोमवार को हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीमा पार कार्रवाई के बारे में अपने पिछले वादों को निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने वादा किया था कि हम लाहौर में घुसेंगे और एक के बदले दस सिर लाएंगे उन्हें ये वादे पूरे करने चाहिए। उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से सवाल किया कि पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान के खिलाफ ऐसी कार्रवाई को कौन रोक रहा है।

**अपील** गृह मंत्री अमित शाह से की खास अपील

# पहलगाम में स्थानीय लोगों से मिलीं महबूबा मुफ्ती

एजेंसी

नयी दिल्ली।पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में स्थानीय लोगों से बातचीत की। इस दौरान महबूबा मुफ्ती ने कहा कि 22 अप्रैल की घटना पहलगाम के लोगों के लिए एक सदमा थी। कश्मीरियों ने पर्यटकों के लिए अपनी जान जोखिम में डाल दी। कश्मीरियों ने दिखा दिया है कि वे इस दर्द में देश के साथ हैं। उन्होंने आगे कहा कि आपको (केंद्रीय गृह मंत्री) उन (आतंकवादियों) के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए जिन्होंने ऐसा किया। लेकिन आज, पहलगाम में 100 लोगों सहित कई कश्मीरियों को हिरासत में लिया गया है। महबूबा मुफ्ती ने ने कहा कि मैं गृह मंत्री से अपील करता हूं कि यह उचित नहीं है। चूंकि यहां पर्यटक आते हैं, इसलिए आज सभी पर्यटन स्थल बंद हैं। वहां (पर्यटक स्थलों पर) सुरक्षा बल तैनात किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं सरकार से अपील करती हूं कि पर्यटकों को घोड़े उपलब्ध कराने वालों को वित्तीय सहायता दी जाए और होटल और टैक्सी संचालकों द्वारा लिए गए ऋण को इस वर्ष के लिए ब्याज मुक्त किया जाए। इससे पहले जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकी तंत्र के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों की ओर से बड़े पैमाने पर अभियान शुरू करने के बीच महबूबा मुफ्ती ने कहा था कि केंद्र को सावधानी से कदम उठाना चाहिए ताकि निर्दोष लोगों को इसका खामियाजा न भुगतना पड़े। मुफ्ती ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत सरकार को हाल में पहलगाम हमले के बाद सावधानी से काम लेना चाहिए और आतंकवादियों तथा नागरिकों के बीच अंतर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को यह ध्यान रखना चाहिये कि आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान निर्दोष लोगों, खासकर आतंकवाद का विरोध करने वाले किसी भी तरह से प्रभावित न हों। उन्होंने कहा कि सरकार से अपील है कि वह अधिकारियों को निर्देश दे कि वे इस बात का ध्यान रखें कि निर्दोष लोगों को इसका खामियाजा न भुगतना पड़े।



> महबूबा मुफ्ती ने ने कहा कि मैं गृह मंत्री से अपील करता हूं कि यह उचित नहीं है। चूंकि यहां पर्यटक आते हैं, इसलिए आज सभी पर्यटन स्थल बंद हैं। वहां (पर्यटक स्थलों पर) सुरक्षा बल तैनात किए जाने चाहिए।

यह हमला सिर्फ कुछ चुनिंदा लोगों पर नहीं, बल्कि हम सभी पर है। हम दुख और आक्रोश में एकजुट हैं और इस नरसंहार की निंदा करने के लिए बंद का पुरजोर समर्थन करते हैं। एक और पोस्ट में उन्होंने कहा था, ?मैं पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायराना हमले की कड़ी निंदा करता हूं। ऐसी हिंसा अस्वीकार्य है और इसकी निंदा की जानी चाहिए। ऐतिहासिक रूप से, कश्मीर ने पर्यटकों का गर्मजोशी से स्वागत किया है, लेकिन यह घटना बेहद चिंताजनक है। अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने और संभावित सुरक्षा चूक की जांच करने के लिए गहन जांच की आवश्यकता है।

# मणिपुर में फिर से सरकार गठन की तैयारी! दो कुकी विधायकों से मिले संबित पात्रा, एक पर हुआ था हमला




एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के पूर्वोत्तर प्रभारी संबित पात्रा हिंसा प्रभावित राज्य में लोकप्रिय सरकार के गठन के लिए नए सिरे से उठ रहे आह्वान के बीच पार्टी विधायकों और सामुदायिक नेताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठकें करने के लिए सोमवार को मणिपुर पहुंचे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि पात्रा इम्फाल हवाई अड्डे पर उतरे और तुरंत ही हेलीकॉप्टर से चुराचांदपुर के लिए रवाना हो गए। चूड़ाचांदपुर में पात्रा ने थानलोन के भाजपा विधायक वुंगजागिन वाल्टे से मुलाकात की, जो 4 मई, 2023 को इंफाल में भीड़ के हमले में बच गए थे। उन्होंने चूड़ाचांदपुर के विधायक एल एम खौटे और जोमी स्टूडेंट फेडरेशन (जेडएसएफ) के नेताओं से भी मुलाकात की। जेडएसएफ नेताओं ने पात्रा को एक ज्ञापन सौंपा। भाजपा नेता ने कुकी जो काउंसिल (केजेडसी) और जोमी काउंसिल (जेडसी) के नेताओं के साथ बंद कमरे में बैठक की।

पत्रकारों द्वारा उनके दौरे के उद्देश्य के बारे में पूछे जाने पर, भाजपा के उत्तर पूर्व प्रभारी ने कहा कि यह एक अनौपचारिक दौरा था।

> जेडएसएफ नेताओं ने पात्रा को एक ज्ञापन सौंपा। भाजपा नेता ने कुकी जो काउंसिल (केजेडसी) और जोमी काउंसिल (जेडसी) के नेताओं के साथ बंद कमरे में बैठक की। पत्रकारों द्वारा उनके दौरे के उद्देश्य के बारे में पूछे जाने पर, भाजपा के उत्तर पूर्व प्रभारी ने कहा कि यह एक अनौपचारिक दौरा था।

# जातिवार जनगणना के निहितार्थ, समाज की अपेक्षाओं का चलेगा पता

> जाति एक जटिल सामाजिक व्यवस्था है जिसका स्वरूप समय और स्थान के साथ बदलता रहा है। कर्म पर आधारित चार वर्णों वाली मूल व्यवस्था कब जन्म आधारित जाति की रूढ़ि में ढल गई यह कहना तो मुश्किल है परंतु जाति की व्यवस्था ने निश्चित रूप से भारतीय समाज और उसके सोच-विचार को बुरी तरह से जकड़ लिया कि उससे उबरने की कोशिश कारगर न हो सकी।

भारतीय राजनीति के लिए यह एक दुर्लभ क्षण है जब सत्ता पक्ष एवं विपक्ष, दोनों एकमत हुए हैं। दोनों पक्ष देश में जाति के आधार पर अगली जनगणना कराने के मुद्दे पर राजी हो गए हैं। अंतिम बार वर्ष 1931 में अंग्रेजों ने देश में जातीय जनगणना कराई थी। इस दूरगामी फैसले को सामाजिक न्याय मुहैया कराने और पिछड़ों के सशक्तीकरण से जोड़कर प्रस्तुत किया जा रहा है और सभी दल इसका श्रेय लेने के लिए अपना-अपना दावा पेश कर रहे हैं।ण्भारतीय समाज की एक प्राचीन संस्था के रूप में जाति के अनेक संस्करण होते रहे हैं। शुद्धता और अपवित्रता की अवधारणा के इर्द-गिर्द फैली-पसरी जाति व्यवस्था से जुड़ी कुरीतियों के चलते आधुनिक दृष्टि प्रायः इसे लेकर चिंता प्रकट करती रही है। देश के सभी नेता इसे विभाजनकारी, शोषक और प्रगति के मार्ग में प्रमुख बाधा मानते आए हैं। जाति जन्म से जुड़ी एक पदानुक्रमिक सामाजिक श्रेणीकरण की परिपाटी है। परंपरा के अनुसार जाति व्यवस्था उस व्यक्ति के लिए सुविधाओं और प्रतिबंधों की परिधि बनाती चलती है। सामाजिक सीमा बनाती जाति खास तौर पर वैवाहिक संबंधों को अंतरजातीय परिधि में सीमित करते हुए सामाजिक गतिशीलता को रोकने वाली रही है। जाति व्यक्ति के निजी गुणों या व्यवहारों की उपेक्षा कर उसके ऊपर अपेक्षाओं का बोझ लादती है, जिसे उसे जीवन भर ढोना



पड़ता है।जाति एक जटिल सामाजिक व्यवस्था है, जिसका स्वरूप समय और स्थान के साथ बदलता रहा है। कर्म पर आधारित चार वर्णों वाली मूल व्यवस्था कब जन्म आधारित जाति की रूढ़ि में ढल गई, यह कहना तो मुश्किल है, परंतु जाति की व्यवस्था ने निश्चित रूप से भारतीय समाज और उसके सोच-विचार को बुरी तरह से जकड़ लिया कि उससे उबरने की कोशिश कारगर न हो सकी। आज जाति की चेतना को लेकर देश में विचित्र स्थिति पैदा हो रही है। एक ओर जाति से जुड़े प्रतिबंध टूट रहे हैं तो दूसरी ओर प्रत्येक जाति की अलग संस्था बनाने का उन्माद भी दिख रहा है।लोग जाति से आसानी से जुड़कर अपनी सामाजिक पहचान बना लेते हैं और अतिरिक्त ऊर्जा का अनुभव करने लगते हैं, जो जाति की सदस्यता से मिलती है। यह प्रवृत्ति दिन-प्रतिदिन बलवती हो रही है। आज देश में जातियों और उपजातियों के नाम पर गठित संस्थाओं की भरमार हो रही है। अभिमान और गर्व के साथ लोग इन संस्थाओं का गठन कर रहे हैं, जिनका कथित उद्देश्य उस जाति विशेष के सदस्यों का कल्याण होता है। जाति के साथ नस्ली श्रेष्ठता जैसी भावना भी कुछ समुदायों में दिखती है। स्थानीय स्तर पर बने जाति संघ, जाति परिषद, जाति सेना या जातीय दल भी संबंधित समुदाय के लिए तरह-तरह के काम करते हैं।आज अगर किसी जाति का कोई संघ मौजूद नहीं है तो वह जाति अपने को कमतर मानती है और समुदाय बनाने चल पड़ती है। इस तरह आज भारतीय समाज में जाति का विरोध और जाति का समर्थन करने वाली, दोनों ही तरह की प्रवृत्तियां साथ-साथ पनप रही हैं। जाति की संस्था का विरोध और खंडन राजनीतिक और सामाजिक चिंतन के लिए वैचारिक आधार देता आया है। अब जाति सामाजिक आचार-विचार से अधिक राजनीतिक लक्ष्य के साथ अधिकाधिक जुड़ती जा रही है। यह एक सर्वविदित तथ्य है कि आम चुनावों में पार्टियां प्रत्याशियों का चुनाव जाति को ध्यान में रखकर ही करती हैं। जाति से जुड़ाव एक आदिम सामाजिक जरूरत को पूरा करता है।राजनीतिज्ञ इसका लाभ उठाते हैं। लोकतंत्र में संख्या बल का महत्व है। इसलिए आज जातिगत समीकरण का खेल हर कहीं दिख रहा है। जिस क्षेत्र में जो जाति या उपजाति अधिक संख्या में होती है वहां से उसी जाति का प्रत्याशी खड़ा किया जाता है चाहे वह योग्य हो या न हो। यह प्रकट तथ्य है कि जाति और उपजाति को इस तरह प्रमुखता देना जाति की भावना को तीव्र करने वाला है। जाति को योग्यता मान कर हो रही राजनीति सिर्फ पूर्वाग्रह, भेदभाव और शोषण को बढ़ावा देने वाली साबित हो रही है।यह भी एक सत्य है कि जाति का बंधन भारतीय समाज के एक बड़े तबके के लिए विकास के मार्ग में रोड़ा बना रहा है। स्वतंत्र भारत में जाति के आधार पर होने वाले अमानवीय भेदभाव को समाप्त करने के लिए तमाम कदम उठाए गए हैं। साथ ही पीढ़ियों से शोषित समुदायों को राहत देने और दूसरों की तरह ही विकसित होने का समान अवसर देने के लिए संविधान में विशेष सुविधाओं का प्रविधान किया गया है। इनके लिए शिक्षा और नौकरी में आरक्षण देने की व्यवस्था हुई है। इन सुविधाओं की पात्रता को लेकर समय-समय पर विचार और संशोधन भी होता रहा है।इस क्रम में जातियों को अनुसूचित और अन्य पिछड़ी जाति (ओबीसी), दलित, महादलित आदि की श्रेणियां बनाई गईं और इनके लिए आवश्यक सुविधाओं का निर्धारण किया गया है। अब लगभग एक सदी बाद भारत में जातियों का आकलन कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण होगा। इससे न केवल सामाजिक-सांस्कृतिक परिवर्तन का मानचित्र उभरेगा, बल्कि समाज की अपेक्षाओं का भी पता चलेगा। इस प्रयास में समाज विज्ञानियों का भी सहयोग लिया जाना लाभदायक होगा।सबके विकास के लिए जरूरी है कि उन लोगों को अच्छी तरह से चिह्नित किया जाए, जो गरीब, पिछड़े और वंचित हैं तथा मानवीय सुविधाओं से वंचित हैं। आशा है कि एक समावेशी समाज के लिए, जिसके सदस्यों की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में साक्रिय भागीदारी हो यह जनगणना निश्चित रूप से फलदायी सिद्ध होगी।

## सम्पादकीय

### पोत निर्माण में पिछड़ने का जोखिम, इसमें आत्मनिर्भरता अनिवार्य

सामरिक मोर्चे पर भारत की बढ़ती चुनौतियों को देखते हुए भी शिपबिल्डिंग पर ध्यान देना आवश्यक हो गया है। चीनी नौसेना अब विश्व की सबसे बडी नौसेना बन गई है। वर्ष 2023 तक उसके बेड़े में 370 से अधिक युद्धपोत हो गए हैं। चीन अफ्रीकी तट पर जिबूती से लेकर एशिया में ग्वादर श्रीलंका म्यांमार और मालदीव तक एक व्यूह रचना के निर्माण में लगा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़े तनाव के बीच तमाम पहलुओं पर विचार किया जा रहा है। पाकिस्तान पर संभावित कार्रवाई के विकल्पों के बीच अतीत के पन्ने भी पलटे जा रहे हैं। ऐसा ही एक अध्याय नौसेना के आपरेशन ट्राइडेंट से जुड़ा है। भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान दिसंबर 1971 में भारतीय नौसेना ने कराची बंदरगाह पर औचक हमला कर दुश्मन को चौंका दिया था। उस हमले में तीन पाकिस्तानी पोत डुबो दिए गए। फ्यूल टैंक्स ध्वस्त किए गए। इसे भारत के सबसे सफल एवं आक्रामक नौसैनिक अभियानों में से एक माना जाता है।हालांकि इस सफलता से जुड़ी सुर्खियों में यह तथ्य कहीं दबकर रह गया कि उस कामयाबी में ओसा-क्लास मिसाइल नौकाओं और युद्धक सामग्री की अहम भूमिका रही, जो सोवियत मूल की थीं। भारत ने भले ही वह लड़ाई जीत ली हो, लेकिन उस युद्ध ने विदेशी नौसैन्य तकनीक पर हमारी निर्भरता को ही उजागर किया था। उसके दशकों बाद भी यह सामरिक नाजुक कड़ी कुछ वैसी ही बनी हुई है। इस बीच भारत के समक्ष सामुद्रिक मोर्चे पर चुनौतियां और बढ़ी हैं तब स्वदेशी स्तर पर शिपबिल्डिंग यानी पोत निर्माण की जरूरत कहीं ज्यादा बढ़ जाती है। यह केवल औद्योगिक आकांक्षाओं के दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि समग्र राष्ट्रीय सुरक्षा की अनिवार्यता है।वैश्विक अनुभव देखें तो शिपबिल्डिंग में लाभ ही लाभ हैं। यह रोजगार सृजन और तकनीकी क्षमताएं बढ़ाने के साथ आर्थिक वृद्धि को गति देता है। कई आकलनों के अनुसार शिपबिल्डिंग में निवेश होने वाले 1,000 करोड़ रुपये से 6,000 प्रत्यक्ष और 15,000 अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हो सकते हैं। वैश्विक शिपबिल्डिंग बाजार का आकार करीब 145 अरब डालर है। इसमें 47 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ चीन, 29 प्रतिशत के साथ दक्षिण कोरिया और 15 प्रतिशत के साथ जापान का दबदबा है। इन तीनों देशों ने 2023 में विश्व की 90 प्रतिशत से अधिक मांग को पूरा किया। जबकि एक बड़ी तटरेखा वाले भारत की हिस्सेदारी एक प्रतिशत से भी कम रहीएक सशक्त शिपबिल्डिंग क्षेत्र केवल बंदरगाहों और सामुद्रिक आवाजाही को ही बेहतर नहीं बनाता, बल्कि इसके जरिये स्टील, इलेक्ट्रानिक्स, आइटी और अन्य कौशलों वाले व्यापारों को भी आगे बढ़ाने में मदद मिलती है।

## आज का विचार







**मेष राशि** : दिन आपके लिए खुशियां लेकर आया है. अपनी सकारात्मक सोच को सार्थक कामों में लगायेंगे तो आपकी रचनातमक प्रतिभा सबके सामने खुलकर आएगी, लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ जायेगा.

**वृषभ राशि** : वृषभ राशि के लिए कल का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है. कल सभी जरुरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे. कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगे.

**मिथुन राशि**: दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है. कल आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा. कल बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगें और बात भी मानेंगे. उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा.

**कर्क राशि**: दिन अच्छा रहने वाला है. कल इस बात का खास ख्याल रखें की दूसरों से तभी दोस्ती करें और अपनी बाते शेयर करें जब उसके बारे में पूरी जानकारी कर लें और उसे भली-भांति समझ लें.आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी.

**सिंह राशि** : फायदेमंद साबित होने वाला है. कल आपको पहले किये गये छोटे-मोटे कार्यों से भी पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा. सफलताएं छोटी ही सही लेकिन निरंतर बनी रहेंगी, इससे आपका सकारात्मक विचार बनेगा. ऑफिस के कार्यो को करते समय फोकस बनायें रखें.

**कन्या राशि**: कन्या राशि वालों के लिए कल का दिन आपके जीवन में खुशियां लेकर आया है. कल बच्चों को करियर के मामले में कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी. अपने से बड़ों की बातें गौर से सुनें, भविष्य में आपके लिए फायदेमंद रहेगी.

**तुला राशि** : दिन बढ़िया रहने वाला है. करीयर को बढ़ाने मे किये गये प्रयासों के चलते लाभ होगा कल अपने प्रिय व्यक्ति की निकटता से आपको खुशी होगी.आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी.

**वृश्चिक राशि** : दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है. कल रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी. कल आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे. परिस्थितियों को ठीक से देखेंगे तो हर एक समस्या को हल कर पाएंगे.

**धनु राशि** : धनु राशि वालों के लिए कल का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है. कल ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए. जो काम कठिन है, उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रभावशाली लोगों का साथ मिलेगा. बिजनेस को आगे बढ़ाने के बारे में आप किसी से विचार-विमर्श करेंगे.

करियरः कल आपको काम को आसान तरीके से करने का रास्ता मिल सकता है. नई योजना पर काम शुरू हो सकता है.

मकर राशि : मकर राशि वालों के लिए कल का दिन शानदार रहने वाला है. अचानक हुए धन लाभ से आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा. इस राशि के बिजनेसमैन के लिए कल का दिन बढ़िया है. व्यापार में कल वृद्धि होगी. किसी पुराने क्लाइंट से अच्छा खासा लाभ मिल सकता है.

**कुंभ राशि**: अच्छा रहने वाला है. कल आपका कोई रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी. आप काम करने के नए तरीको पर विचार करेंगे.आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे. कल अपनी इच्छा शक्ति के बल पर योजनाओं पर काम कर पाएंगे.

**मीन राशि**: नयी उमंग से भरा रहने वाला है. कल आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी आप सामान की खरीदारी करने मार्केट जा सकते हैं. प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है मेहनत के अच्छे परिणाम आपको हासिल होंगे. कल शाम को किसी मित्र की बर्थडे पार्टी में जायेंगे जहाँ आपके अन्य दोस्त भी होंगे.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# विरासत सहेजने में संजीदगी का सवाल

विजय गर्ग

किसी भी देश या समाज की धरोहर उसके लिए न केवल गर्व का विषय, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी होती है। ये धरोहरें ही हैं जो राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आदि सभी क्षेत्रों में नागरिकों का मार्ग प्रशस्त करती हैं। वैसे ये मुख्य रूप से दो प्रकार की होती हैं- मूर्त और अमूर्त। मूर्त धरोहर हमारी वे विरासत होती हैं, जो दृश्यमान होती हैं, जिन्हें हम देख सकते हैं, यानी विशाल भवन, मंदिर, ऐतिहासिक स्थल, स्मारक, हस्तशिल्प, साहित्य, किले आदि। वहीं, अमूर्त धरोहरें हमारी समृद्ध परंपरा, लोकगीत, लोक-कथाएं, विश्वास, ज्ञान, भाषा और संस्कार आदि होती हैं। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक परिषद (यूनेस्को) ने धरोहर ने धरोहरों को तीन प्रकार का बताया है- प्राकृतिक विश्व धरोहर श्रेणी, सांस्कृतिक विश्व धरोहर श्रेणी और मिश्रित विश्व धरोहर श्रेणी । इतिहास, सभ्यता, संस्कृति और हमारी पहचान को बनाए रखने में इन धरोहरों की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण होती है। इसलिए इनके संरक्षण का दायित्व केवल सरकारों या यूनेस्को जैसी वैश्विक संस्थाओं का नहीं होना चाहिए, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को इनके संरक्षण को लेकर सावधान और र जागरूक रहने की आवश्यकता है।

देखा जाए तो ये धरोहरें किसी भी राष्ट्र के वर्तमान और भविष्य की नींव होती हैं। ये हजारों वर्षों के ज्ञान, अनुभव और स्मृतियों का अनमोल उपहार या कहें कि खजाना होती हैं। मानव है। समाज की सामाजिक एवं सांस्कृतिक का परिचायक भी होती हैं। हमारी धरोहर हमें इतिहास से जोड़ती विविधता का है। ।किसी भी देश और समाज की पहचान, वहां की सभ्यता, सामाजिक एवं सांस्कृतिक इतिहास आदि की न केवल जानकारी इन धरोहरों के माध्यम से प्राप्त होती है,



बल्कि ये उन्हें हमेशा सजीव बनाए रखने का कार्य भी करती हैं। मानव सभ्यता और संस्कृति की 'मूल' ये धरोहरें अब हमारे गौरव और पहचान का ही नहीं, बल्कि आर्थिक समृद्धि का भी जरिया बन रही हैं। दरअसल, इन धरोहरों को देखने और समझने के लिए र लाखों पर्यटक प्रति वर्ष एक राज्य से दूसरे राज्य और एक देश से दूसरे देश की यात्रा करते हैं। इतना ही नहीं, ये धरोहर विभिन्न देशों, महाय भिन्न देशों, समाज, समुदायों, सभ्यताओं और संस्कृतियों के बीच बेहतर संबंध बनाने में भी बड़ी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कई बार तो दो देशों के बीच कूटनीतिक संबंधों को भी ये मधुर एवं सुगम बनाने में सहायक साबित होती हैं। सच कहा जाए तो, इन सभी विशेषताओं के कारण ही आज दुनिया भर में धरोहरों के प्रति लोगों की ओर से प्रायः सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाए जाने लगे हैं। ट्ट विश्व धरोहर दिवस की की स्वीकत किए गए एक परत आत यूनेस्को द्वारा 1983 के अप्रैल महीने में से ई थी। इसके अंतर्गत 'अंतरराष्ट्रीय स्मारकएवं स्थल परिषद' (आइसीओएमओएस) की ओर से यह मांग की गई थी कि विश्व की सभी सांस्कृतिक, प्राकृतिक एवं मिश्रित धरोहरों के संरक्षण और उनके प्रति सामान्य स्तर पर मानवीय जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने के लिए प्रत्येक वर्ष 18 अप्रैल को विश्व धरोहर दिवस मनाने का प्रावधान किया जाए। यूनेस्को ने भविष्य की पीढ़ियों को अपने पुरखों से मिली सांस्कृतिक धरोहरों से परिचय कराने तथा उनके प्रति प्रेम का भाव जगाने के लिए इस दिवस की रूपरेखा तैयार की और 'विश्व विरासत या धरोहर दिवस' के रूप । इसे मान्यता प्रदान की थी तब से प्रति वर्ष 'विश्व धरोहर दिवस' या 'विश्व स्मारक एवं स्थल दिवस' के रूप में मनाया जाता है।सामान्यतः यूनेस्को द्वारा प्रति वर्ष एक खास दिन यानी 18 अप्रैल को विश्व के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया जाता है और लोगों को इनके

संबंध में बताया जाता है। इनके संरक्षण एवं संवर्द्धन पर चर्चा की जाती है। साथ ही, इसी भावना के अनुरूप यूनेस्को द्वारा दुनिया भर की विभिन्न धरोहरों को चिह्नित कर उनकी एक 'विश्व धरोहर सूची' भी बनाई जाती है। इस सूची में शामिल की जाने वाली धरोहरों के संरक्षण के लिए यूनेस्को की ओर से सहायता भी दी जाती है।

हालांकि, विश्व धरोहर दिवस मनाने को लेकर पहला प्रयास 1972 स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान किया गया, जब संयुक्त राष्ट्र की मौजूदगी में विश्व प्रसिद्ध भवनों एवं प्राकृतिक स्थलों की रक्षा के लिए चर्चा की गई। फिर एक प्रस्ताव पारित हुआ और विश्व के लगभग सभी देशों ने मिल कर दुनिया भर के ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक धरोहरों को बचाने की शपथ ली। इस प्रकार, 'यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज सेंटर' अस्तित्व में आया। उसके बाद 18 अप्रैल, 1978 को पहली बार विश्व कुल बारह स्थलों को विश्व विरासत स्थलों की सूची में शामिल किया गया। तब इस दिन को 'विश्व स्मारक दिवस' के रूप में मनाया जाता था। में यूनेस्को द्वारा स्वीकृत कुल 43 विश्व धरोहर स्थल हैं, जिनमें से 35 सांस्कृतिक महत्त्व के लिए नामित हैं, जबकि सात स्थल प्राकृतिक सुंदरता के लिए विश्व भर में पहचाने जाते हैं। वहीं, एक अन्य विश्व धरोहर स्थल को संस्कृति एवं प्रकृति के मिश्रित स्वरूप के लिए दुनिया भर में सराहा जाता है, और वह है- कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान दुनिया में केवल पांच देश ऐसे हैं, जिनके पास भारत से अधिक विश्व धरोहर स्थल मौजूद हैं। हमारे लिए गर्व की बात यह भी है कि यूनेस्को विश्व धरोहर समिति के छियालीसवें सत्र का आयोजन पिछले वर्ष भारत की राजधानी दिल्ली में किया गया, जिसकी अध्यक्षता भारत ने की।पिछले वर्ष 26 को' असम में मोइदाम' को विश्व धरोहर समिति द्वारा भारत के तैंतालीसवें यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में चिह्नित किया गया। यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों में शामिल होने वाले असम के ये मोइदाम राज्य के पहले सांस्कृतिक स्थल हैं। चराइदेव या चराइदेओ जिले में स्थित मोइदाम, अहोम राजवंश के अहम स्थल हैं, जिनमें ताई- अहोम के राजाओं और राजघराने के सदस्यों के अवशेष दफ्न हैं। ये मोइदाम पिछली छह शताब्दियों में अहोम राजवंश की सांस्कृतिक एवं वास्तु कला की प्रगति के प्रमाण रहे हैं।

# वैश्विक शांति में आतंकवाद एक बड़ा अवरोध

संजीव ठाकुर

समग्र रूप से वैश्विक स्तर पर देखें तो आतंकवाद कई देशों के लिए बड़ा नासूर बन चुका है। भारत में पहलगाम घटना को लिया जाए तो निर्दोष 27 भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या इसका एक बड़ा उदाहरण है वैश्विक परिपेक्ष में देखें तो वैश्विक शांति के लिए आतंकवाद बहुत बड़ा अवरोध और बड़ी रुकावट है इसका स्थाई समाधान निकाला जाना चाहिए अन्यथा मानवता कराहने लगेगी और ऐसे ही निर्दोष मासूम नागरिकों की हत्या होती रहेगी इनके विरुद्ध कडे से कड़ा कदम उठाकर इनकी जड़े ही खत्म कर देनी चाहिए और आतंकवादियों को चुन चुन कर मारा जाना चाहिए।इसराइल हमास युद्ध किसकी एक बड़ी कड़ी है और अब भारत सरकार भी पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों के साथ उनके पालनहारों को भी खत्म करने में लगी हुई है। आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है।कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं ,यह ज्यादातर भीड़ भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेल रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है। दुनिया के प्रत्येक देश में आतंकवाद किसी न किसी रूप में आज मौजूद है। आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं। आतंकवाद को वृहद रूप देने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने भी बड़ा साथ दिया है, आतंकवादियों, नक्सलवादियों और नस्ल वादियों के लिए रसायनिक, नाभिकीय, जैविक मानव बम जैसे आधुनिक हथियार उपलब्ध होने से यह आतंकवादी गतिविधियां और भी खतरनाक हो गई है। इसके अलावा मीडिया में इंटरनेट उपलब्धता से यह सारी सरकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो जाती है

# जल्द बजेगा मुंबई महानगरपालिका चुनाव का बिगुल?

## प्रशासन ने शुरू कर दी हैं तैयारियां

**लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बाद सभी राजनीतिक दलों का ध्यान इस बात पर है कि स्थानीय निकाय चुनाव कब होंगे? एक ओर जहां सुप्रीम कोर्ट स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है, वहीं दूसरी ओर चुनावों की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बाद सबकी निगाहें अब स्थानीय निकाय चुनावों पर टिकी हैं। हालांकि स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका पर सुनवाई चल रही है। लेकिन चुनाव की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। बीते दिनों कई सरकारी दफ्तरों के कर्मचारियों को बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) के पद पर ज्वाइन करने के निर्देश दिए गए। मुंबई महानगरपालिका समेत राज्य की कई महानगरपालिकाओं के चुनाव कोरोना काल से नहीं हुए हैं। इन सभी जगहों पर प्रशासक कामकाज संभाल रहे हैं। चुनावों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। इस पर कल यानी 6 मई को सुनवाई होनी है। उस दिन चुनावों को लेकर कुछ संकेत मिल सकते हैं। इसी बीच प्रशासन ने चुनावों की तैयारी शुरू कर दी है।बीएमसी चुनाव की क्या तैयारी?बीते दिनों कुछ सरकारी दफ्तरों में विधानसभा चुनावों में बीएलओ के पद पर काम कर चुके कर्मचारियों को मुंबई महानगरपालिका चुनाव के लिए तुरंत ज्वाइन करने को कहा गया है। इसके साथ ही यह भी कहा गया है कि अगर वे जल्दी ज्वाइन नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बीएलओ का काम मतदाता सूची को अपडेट करना और उसमें से नाम जोड़ना और हटाना होता है।एक बीएलओ के पास दो मतदान केंद्रों की जिम्मेदारी होती है। चुनाव तंत्र में सबसे निचले स्तर पर बीएलओ की नियुक्ति को चुनाव की तैयारी का पहला कदम माना जाता है।

# लाडली बहना योजना के लाभार्थियों को बड़ा झटका

## फडणवीस सरकार के मंत्री ने कहा- नहीं दे सकते 2100 रुपये

**महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति ने लाडली बहनों को 2100 रुपए हर महीने देने का वादा किया था। लेकिन सरकार बनने के बाद वादे को पूरा करने में आनाकानी हो रही है। अब महायुति सरकार के मंत्रियों ने ही कह दिया है कि 2100 रुपये करना मुश्किल है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबईः महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति ने लाडली बहनों को 2100 रुपए हर महीने देने का वादा किया था। लेकिन सरकार बनने के बाद वादे को पूरा करने में आनाकानी हो रही है। अब महायुति सरकार के मंत्रियों ने ही कह दिया है कि 1500 रुपये को 2100 रुपये करना मुश्किल है। इससे लाडली बहनों को निराशा हुई है। सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट ने कहा है कि राज्य की आर्थिक स्थिति को ठीक करना एक बड़ा मुद्दा है। उन्होंने यह भी कहा कि 1500 को 2100 करना संभव नहीं है। वहीं दूसरी ओर एनसीपी के हसन मुश्रीफ ने शिरसाट के बयान पर असहमति जताई है। उन्होंने कहा कि शिरसाट को वित्त विभाग के अधिकारियों से बात करनी चाहिए थी।

### 1500 रुपये को 2100 रुपये करना मुश्किल

सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट ने कहा है कि 1500 रुपये को 2100 रुपये करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि कई लोग लाडली बहना योजना को गलत तरीके से पेश कर रहे हैं। वे कह रहे हैं कि यह योजना बंद हो जाएगी या पैसे कम मिलेंगे। ऐसा कुछ नहीं है। हम योजना के लिए पैसे देंगे। यह हमारा वादा है और हम इसे पूरा करेंगे। राज्य की तिजोरी पर आर्थिक बोझ है। इसके लिए अलग-अलग विकल्प हैं। भले ही कर्ज लेना पड़े। लेकिन हम लाडली बहना योजना को बंद नहीं कर सकते।

### लाडली बहन योजना के लिए कम पड़ रहे पैसे

शिरसाट ने यह भी कहा कि लाडली बहन योजना के लिए पैसे कम पड़ रहे हैं। इसलिए आदिवासी विकास और सामाजिक न्याय विभागों का पैसा महिला और बाल कल्याण विभाग को दिया जा रहा है। उन्होंने इस पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि लाडली बहना योजना के बारे में फरवरी में मेरे पास एक फाइल आई थी। मैंने उसमें स्पष्ट रूप से लिखा था कि हम इस विभाग से अल्पसंख्यक और दलितों को सुविधाएं देते हैं। इसलिए इन विभागों के पैसे में कटौती नहीं करनी चाहिए। मेरे विभाग के पैसे को कम या ट्रांसफर नहीं करना चाहिए।

### शिरसाट ने जताई नाराजगी

शिरसाट ने लाडली बहना योजना के लिए सामाजिक न्याय विभाग का पैसा ट्रांसफर करने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि वित्त विभाग में शकुनी बैठे हैं। उनका इशारा वित्त मंत्री अजित पवार की ओर था। उन्होंने कहा कि अगर विभाग की जरूरत नहीं है या उस विभाग के पैसे खर्च नहीं करने हैं, तो विभाग को बंद कर देना चाहिए।

## फास्ट ट्रैक

# बुर्का पहने महिला ने मुंबई के विले पार्ले में हटाए पाकिस्तान के झंडे वाले स्टीकर, वीडियो हुआ वायरल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई/ अहमदाबादः पहलगाम हमले के बीच देश में आतंकी घटना को लेकर पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोश है तो वहीं दूसरी ओर मुंबई में पाकिस्तान के झंडे हटाने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में बुर्का पहले महिला पाकिस्तान के झंडे वाले स्टीकर को हटा रही है। कुछ युवक इसका विरोध कर रहे हैं। महिला स्टीकर पर पैर रखने का विरोध करती है। यह वीडियो मुंबई के विले पार्ले रेलवे स्टेशन का बताया जा रहा है। जहां पर पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के झंडे वाले स्टीकर सीढ़ियों पर विरोध के तौर पर चिपकाए गए थे। महाराष्ट्र में यह दूसरी घटना सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कुछ युवक विरोध करते हैं लेकिन महिला इसके बाद भी स्टीकर हटाती है। महाराष्ट्र में यह दूसरा मामला है। इससे पहले पालघर जिले के नालासोपारा में सड़क पर चिपकाए गए पाकिस्तान स्टीकर को कुछ युवकों ने हटाया था तब भी विवाद हुआ था। इसके बाद पुलिस ने तीन मुस्लिम युवकों को अरेस्ट कर लिया था। सोशल मीडिया पर पाकिस्ता के प्रति दिखाने के लिए यूजर्स आलोचना भी कर रहे हैं। अभिताभ चौधरी नाम के एक यूजर्स ने यह वीडियो साझा किया है। इसमें उन्होंने लिखा है कि विले पार्ले रेलवे स्टेशन की घटना को देखें। फातिमा अब्दुल से भी ज्यादा कट्टर है।

# उच्च न्यायालय ने गोद लेने की लंबी प्रतीक्षा अवधि का स्वतः संज्ञान लिया, अधिकारियों से जवाब मांगा

**सीएआरए के आंकड़ों का हवाला देते हुए खबर में कहा गया है कि विभिन्न श्रेणियों के 35,000 से अधिक भावी अभिभावकों ने गोद लेने के लिए पंजीकरण कराया है, जबकि गोद लेने के लिए उपलब्ध बच्चों की संख्या लगभग 2,400 है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



बंबई उच्च न्यायालय ने गोद लेने के मामलों में कथित देरी और लंबी प्रतीक्षा अवधि का सोमवार को स्वतः संज्ञान लिया और केंद्र तथा केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (सीएआरए) से जवाब मांगा।मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और न्यायमूर्ति एम एस कार्णिक की पीठ ने कहा कि मीडिया की एक खबर में बच्चों को गोद लेने की इच्छा रखने वाले दंपतियों की शिकायतों को उजागर करने के बाद उन्हें प्राप्त पत्र के आधार पर एक जनहित याचिका शुरू की गई है।खबर के अनुसार, भारत में गोद लेने की औसत प्रतीक्षा अवधि तीन साल से अधिक हो गई है। पीठ ने मामले में वरिष्ठ वकील मिलिंद साठे और अधिवक्ता गौरव श्रीवास्तव को अदालत की सहायता के लिए ह्यन्याय मित्रह्न नियुक्त किया।न्यायाधीशों ने केंद्र और सीएआरए को अपने हलफनामे दाखिल करने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई 23 जून को तय की। सीएआरए के आंकड़ों का हवाला देते हुए खबर में कहा गया है कि विभिन्न श्रेणियों के 35,000 से अधिक भावी अभिभावकों ने गोद लेने के लिए पंजीकरण कराया है, जबकि गोद लेने के लिए उपलब्ध बच्चों की संख्या लगभग 2,400 है।

# मुंबई में बदलने जा रहा मौसम, गरजेंगे बादल, होगी बारिश!

**☞ मुंबई में गर्मी से लोग परेशान हैं। सोमवार से गुरुवार के बीच गरज के साथ बारिश की संभावना है, जिससे तापमान में गिरावट आएगी। मौसम में इस बदलाव से लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है, खासकर बच्चों और कमजोर इम्युनिटी वालों को सर्दी-खांसी की समस्या हो सकती है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : महानगर मुंबई और आसपास के क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार से गुरुवार के बीच मुंबई में बादलों की गड़गड़ाहट के साथ बारिश हो सकती है। अचानक मौसम के इस करवट से मुंबईकरों की सेहत प्रभावित हो सकती है। ऐसे में डॉक्टरों ने लोगों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की हिदायत दी है। खासकर छोटे बच्चों अधिक ख्याल रखने के लिए कहा गया है।मई महीने के आते ही पारा और चढ़ने लगता है। चिलचिलाती धूप और उमस से परेशान मुंबईकरों को अनचाही बारिश का भी सामना करना पड़ेगा। क्षेत्रीय मौसम विभाग ने सोमवार से लेकर गुरुवार तक मुंबई में बारिश होने का पूवार्नुमान लगाया गया है।10 एमएम से कम होगी बारिशरविवार से मुंबई के आसमान में बादलों की उपस्थिति देखने को मिली। मुंबई का अधिकतम तापमान 33.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उमस का स्तर भी 62% तक पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञ राजेश कपाड़िया ने बताया कि मुंबई सहित आसपास के क्षेत्र में सोमवार को बादलों की मौजूदगी बढ़ेगी और आगामी तीन से चार दिन के भीतर बारिश हो सकती है, हालांकि 10 एमएम से कम बारिश होगी।संबंधित स्टोरीजबिहार चुनाव से पहले नीतीश कुमार को बड़ा झटका, खऊव छोड़ फखऊ में शामिल हुए एक और बड़े नेताइंडिया से बचाने कोई नहीं आएगा... लाल टोपी जैद हामिद ने भारत के खिलाफ उगला जहर, बताया पाकिस्तान पर बहुत बड़ा खतरा23 साल की टीचर को 13 के स्टूडेंट से प्यार, चार राज्यों के होटल में मौज; गर्भ में पल रहा बच्चा किसका ?रात में 27 डिग्री पहुंचा तापमानमुंबई में रात के तापमान में वृद्धि देखने को मिली है। शनिवार की रात न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दिन और रात के तापमान में 7 डिग्री सेल्सियस का ही अंतर देखने को मिला है।2 से 3 डिग्री गिरेगा तापमानयदि बारिश होती है तो अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। बारिश होती है तो तापमान लुढ़ककर 31 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, न्यूनतम तापमान जो 27 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है उसमें भी 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।हो सकती है सर्दी-खांसी की समस्याजेजे अस्पताल के मेडिसिन विभाग के यूनिट हेड डॉ. मधुकर गायकवाड़ ने बताया कि मुंबई में वैसे ही काफी गर्मी पड़ रही है। अब अचानक मौसम बदल जाए और बारिश हो जाए, तो वायरल संक्रमण के लिए अनुकूल परिस्थिति बन सकती है, क्योंकि उमस भी है। इसमें लोगों को सर्दी, खांसी और बुखार की समस्या हो सकती है। खासकर बच्चे, गर्भवती महिला, बुजुर्ग और जिनकी इम्युनिटी कमजोर है, उन्हें अपना ख्याल रखना चाहिए। बारिश में भीगने से भी बचना चाहिए।हवाओं का है खेलमई के महीने में बारिश की वजह हवाओं का खेल बताया जा रहा है। मौसम विभाग की वैज्ञानिक सुषमा नायर ने बताया कि पश्चिम से नमी वाली हवाएं और पूर्व से सूखी हवाएं आ रही हैं।

# 'हाउस अरेस्ट' विवाद में फंसे एजाज खान पर अब महिला ने लगाया दुष्कर्म का आरोप, फिल्म में काम दिलाने का किया था वादा

**30 साल की एक महिला ने हाल ही में शिकायत दर्ज कराई है कि एजाज खान ने फिल्म में रोल दिलाने का वादा करके कई स्थानों पर उसके साथ बलात्कार किया। इसके बाद पुलिस अधिकारी ने कहा कि एक्टर पर बलात्कार से संबंधित भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच चल रही है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : फिल्म एक्टर एजाज खान की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। एक्टर एजाज खान के खिलाफ अब एक महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। एक पुलिस अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। चारकोप पुलिस अधिकारी के अनुसार, 30 साल की एक महिला ने हाल ही में शिकायत दर्ज कराई है कि एजाज खान ने फिल्म में रोल दिलाने का वादा करके कई स्थानों पर उसके साथ बलात्कार किया।पुलिस अधिकारी ने कहा कि एक्टर पर बलात्कार से संबंधित भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच चल रही है।विवादों में क्यों घिरे एजाज खान?वहीं इससे पहले एजाज खान को उनके वेब शो 'हाउस अरेस्ट' में अश्लील कंटेट के लिए कई अन्य लोगों के साथ एक मामले में नामित किया गया था, जिसे उल्लू एप पर स्ट्रीम किया जाता है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वेब शो के वीडियो क्लिप में, एजाज खान महिलाओं सहित प्रतियोगियों पर अश्लील हरकते करने के लिए दबाव डालते हुए दिखाई दे रहे हैं, वह कंटेस्टेंट से कुछ अश्लील सवाल भी पूछते नजर आ रहे हैं।एप से शो को हटाने की मांग

विवादों में आने के बाद एजाज और शो से जुड़े लोगों के खिलाफ मुंबई के अंबोली पुलिस स्टेशन में मामला भी दर्ज हो चुका है।विवादों के बीच शो के सभी एपिसोड्स उल्लू एप से भी हटा दिए गए हैं। वहीं शो को लेकर कई राजनीतिक नेताओं के भी बयान सामने आ चुके हैं शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने अपने एक्स हैंडल पर शो का एक वीडियो शेयर कर इसकी आलोचना की।कई नेताओं के आए रिएक्शनप्रियंका चतुर्वेदी ने इसे अश्लीलता फैलाने वाला बताया और इस तरह के कंटेंट को बढ़ावा देने वाले प्लेटफॉर्म्स पर सवाल उठाए। उनके पोस्ट ने विवाद को और हवा दी। उन्होंने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की पॉलिसी पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब एडल्ट कंटेंट दिखाने वाले 18 एप बैन किए गए तो उल्लू एप को क्यों बैन नहीं किया जा रहा?साथ ही महाराष्ट्र भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष चित्रा वाघ ने रियलिटी सीरीज पर बैन लगाने की मांग की है और कहा है कि यह 'अश्लीलता का प्रतीक है।' कई नेताओं की इस पर प्रतिक्रिया जारी है।

# पश्चिम रेलवे द्वारा कर्मचारियों के लिए यूपीएस और एनपीएस पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल द्वारा अपने कर्मचारियों के बीच सेवानिवृत्ति योजना के बारे में जागरूकता और समझ बढ़ाने के लिए 5 मई, 2025 को मंडल रेल प्रबंधक (DRM) कार्यालय में यूनिफाइड पेंशन स्कीम (UPS) और नेशनल पेंशन स्कीम (NPS) पर एक सूचनात्मक सेमिनार का आयोजन किया गया। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस सत्र का उद्देश्य कर्मचारियों को दो प्रमुख पेंशन योजनाओं से जुड़े लाभों, प्रक्रियाओं और परिचालन पहलुओं के बारे में शिक्षित करना था। सेमिनार का मुख्य आकर्षण यूनिफाइड पेंशन स्कीम (UPS) पर एक व्यापक प्रस्तुति थी - जो भारत सरकार द्वारा हाल ही में शुरू की गई पहल है। निश्चित और गारंटीकृत पेंशन सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन की गई यूपीएस कर्मचारी के अंतिम वेतन और सेवा की अवधि पर आधारित है, जिससे सेवानिवृत्ति के बाद वित्तीय सुरक्षा में वृद्धि होती है।यूपीएस की एक प्रमुख विशेषता इसका केंद्रीयकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो सभी पेंशन-संबंधी सेवाओं को एक एकल, उपयोगकर्ता-अनुकूल प्रणाली में एकीकृत करता है। यह प्लेटफॉर्म कर्मचारियों को उनके सेवा इतिहास को ट्रैक करने, पेंशन की स्थिति की निगरानी करने, शिकायत दर्ज करने और सेवानिवृत्ति के माध्यम से शामिल होने की तारीख से दस्तावेजीकरण का प्रबंधन करने की सुविधा देता है। यह सभी विभागों में समय पर निराकरण, अधिक पारदर्शिता और कम देरी भी सुनिश्चित करता है।सेमिनार का आयोजन वरिष्ठ अधिकारियों और पेंशन विशेषज्ञों द्वारा किया गया, जिन्होंने कर्मचारियों के प्रश्नों का उत्तर दिया और समय से पहले और सूचित सेवानिवृत्ति योजना के महत्व पर जोर दिया गया। यह पहल मुंबई मंडल के कर्मचारी कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता और कर्मचारियों को उनके पेशेवर जीवनचक्र के प्रमुख पहलुओं को समझने में सक्षम बनाने के लिए इसके सक्रिय रुख को दशार्ती है।

# चुनावी वादे के नाम पर सीएम फडणवीस ने दिया धोखा...'

## संजय राउत ने 'लाडकी बहिन योजना' पर महाराष्ट्र सरकार को घेरा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

**☞ महाराष्ट्र सरकार ने चुनाव के दौरान राज्य की महिलाओं को लड़की बहिन योजना के तहत हर महीने 2100 रुपए देने का वादा किया था। हालांकि शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत का दावा है कि सरकार ने अपना वादा पूरा नहीं किया है। इस योजना के नाम पर महिलाओं को सिर्फ 500 रुपए मिल रहे हैं। संजय राउत ने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार पर भी सवाल खड़े किए हैं।**



मुंबई (महाराष्ट्र) । शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधा है। संजय राउत का दावा है कि सरकार बनते ही महाराष्ट्र में 'लड़की बहिन योजना' बंद कर दी गई है। सरकार ने चुनावी वादे के नाम पर जनता को धोखा दिया है।संजय राउत ने दावा किया है कि चुनाव के दौरान महाराष्ट्र सरकार ने 'लड़की बहिन योजना' के तहत महिलाओं को हर महीने 2,100 रुपए देने का वादा किया था, लेकिन अब महिलाओं को सिर्फ 500 रुपए ही दिए जा रहे हैं।

संजय राउत ने क्या कहा?

मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान संजय राउत ने कहा कि 'लड़की बहिन योजना' बंद कर दी गई है। पहले आपने (सीएम देवेंद्र फडणवीस) ने कहा था कि सभी महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए दिए जाएंगे। फिर चुनाव के दौरान आपने इस राशि को बढ़ाकर 2,100 कर दिया। वहीं, अब महिलाओं को सिर्फ 500 रुपए मिल रहे हैं।अजित पवार पर साधा निशानामहाराष्ट्र के डिप्टी सीएम को घेरते हुए संजय राउत ने कहा कि अजित पवार इस वादे से साफ मुकर गए। उन्होंने जवाब दिया कि मैंने ऐसा कब कहा? अजित पवार ने नहीं मगर उनकी सरकार ने तो कहा था। आप महाराष्ट्र सरकार में उपमुख्यमंत्री हैं। आप हमेशा मेरा पैसा, मेरा पैसा, मेरा पैसा कहते हैं। यह पैसा आपका कैसे हुआ? यह पैसा 'लड़की बहिन योजना' के लिए है।

# अधिवक्ता पर जानलेवा हमला मामले में कार्रवाई की मांग

## 5 दिन बाद भी आरोपी फरार, एसपी कार्यालय पर किया प्रदर्शन



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बागपत,जिला बार एसोसिएशन के महामंत्री कल्याण सिंह पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस की निष्क्रियता के विरोध में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। यह हमला 22 अप्रैल की शाम को हुआ था। कल्याण सिंह ने बताया कि वह अपने कर्मचारियों के लिए खाना लेकर घर से फॉर्म हाउस जा रहे थे। इसी दौरान तीन अज्ञात हमलावरों ने उन पर फायरिंग कर दी। किसी तरह वह बाल-बाल बच गए। घटना के तुरंत बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। हमले के पांच दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इससे नाराज अधिवक्ताओं ने एसपी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और महामंत्री को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# कर्नाळा में बेकाबू बस पलटी, हादसे में 35 लोग घायल

**महाराष्ट्र के रायगढ़ ज़िले के कर्नाळा में एक निजी बस पलटने से कम से कम 35 लोग घायल हो गए। यह हादसा देर रात हुआ जब बस तेज रफ्तार के चलते संतुलन खो बैठी। राहत व बचाव कार्य तत्काल शुरू हुआ और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। हादसे में किसी की मौत नहीं हुई है जो राहत की बात है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबई, महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के कनार्ळा इलाके में एक प्राइवेट बस के पलटने से कम से कम 35 लोग जख्मी हो गए। यह हादसा रात के वक्त हुआ, जब बस तेज रफ्तार में एक मोड़ पर नियंत्रण खो बैठी और पलट गई।हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोग और पुलिस तुरंत राहत और बचाव कार्य में जुट गए। सभी घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**एल.टी.एम.जी. अस्पताल, सायन, मुंबई – 400 022**

**क्र. एलटीएच/एसडी/55/एम, दिनांक : 05/05/2025**

**ई-महानिविदा सूचना**

यह एक ई-निविदा सूचना है. बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त (एमसीजीएम) द्वारा तीन लिफाफा प्रणाली में नीचे दिए अनुसार ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं.

**कार्य का नाम** : एल.टी.एम.जी. अस्पताल हेतु टायटॅनियम से निर्मित, 76-80 मिमी आकार की 3x3.55 मिमी की रीलोकेबल, ईटीओ द्वारा निर्जंतुक, नीले एवं हरे रंग की लाइनियर कटर कार्ट्रिज की आपूर्ति.

| अ. क्र. | विवरण | ई-निविदा शुल्क (रु.) | ईएमडी (रु.) | ऑनलाइन निविदा डाउनलोड करने की आरंभ तिथि व समय | ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | टायटॅनियम से निर्मित, 76-80 मिमी आकार की 3x3.55 मिमी की रीलोकेबल, ईटीओ द्वारा निर्जंतुक, नीले एवं हरे रंग की लाइनियर कटर कार्ट्रिज **510 नग** **बोली क्र. 2025_ एमसीजीएम_1176793** | रु. 1452/- प्लस 18% जीएसटी | रु. 20000/- | 03/05/2025 04:00 बजे (14.00 बजे) | 08/05/2025 04.00 बजे (14.00 बजे) |

इच्छुक निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अधिक जानकारी के लिए मनपा की वेबसाइट http://www.mcgm.gov.in पर अवश्य जाएं. निविदा दस्तावेज डाक द्वारा जारी या स्वीकार नहीं किए जाएंगे.

हस्ता./-
डीन,
एल.टी.एम.जी. अस्पताल, सायन

पीआरओ/324/विज्ञा./2025-26

अगर आये हलका सा भी बुखार, तत्काल जाकर डॉक्टर से करें मुलाकात.

## उत्तर प्रदेश राज्य में एमडी ड्रग बनाने की फैक्ट्री पर छापा ,अंतर्राज्यीय तस्करी गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफ्तार कर 2,30,49,600 रुपये कीमत की एमडी ड्रग जब्त

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , उत्तर प्रदेश एटीएस की मदद से अयोध्या में एमडी पावडर बनाने वाली एक फैक्टरी में छापा मारकर ठाणे पुलिस ने 148 ग्राम एमडी पावडर जब्त कर नशे के दो सौदागरों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी कीमत 2 करोड़ 30 लाख रुपए बताई गयी है। राज्य के ड्रग तस्कर मुंब्रा , भिवंडी ,ठाणे शहर आदि मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में नशीले पदार्थ बेच रहे हैं। मुस्लिम युवाओं के नशे में फंसने से बर्बाद हो रहे परिवारों को बचाने के लिए किछौछा शरीफ के सज्जादा गद्दीनशीन एवं जाने माने मौलाना सैयद मुईनुद्दीन अशरफ ने दर्जनों उलेमाओं के साथ ठाणे के पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे से मुलाकात कर उनसे नशे के कारोबार को रोकने और कड़ी कार्रवाई करने की मांग की थी। जिसके बाद उन्होंने नशे के कारोबार को नष्ट करने के लिए लोगों का सहयोग भी माँगा और इस कारोबार में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। 17 अप्रैल 2025 को पुलिस कांस्टेबल अमोल सदाशिव देसाई, प्रमोद विजय जामदादे को नादिम मंजिल बिल्डिंग के पास, दत्तुवाड़ी, मुंब्रा रेलवे स्टेशन इलाके में रहेने वाले मादक पदार्थ की तस्कर देवेश कुमार रामकिशन शर्मा [32] बरचावली, मथुरा ,उत्तर प्रदेश निवासी को अपने कब्जे में ले लिया। उसके पास से कुल वजन 336 ग्राम, 67,20,000 रुपए मूल्य का एमडी पावडर बरामद हुआ। पूछताछ में पूरा नाम मोहम्मद कय्यूम मोहम्मद यूनुस हाशमी है और वह सोहावल, जिला अयोध्या, उत्तर प्रदेश का रहने वाला पाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस उप निरीक्षक नितिन भोसले, कांस्टेबल हरीश तावड़े,अमोल देसाई की एक जांच टीम को अयोध्या, उत्तर प्रदेश भेजा गया।पुलिस टीम की सोहावल, जिला अयोध्या, उत्तर प्रदेश राज्य में की गई कुशल जांच में पता चला कि मोहम्मद कय्यूम मोहम्मद यूनुस हाशमी की सोहावल में मारिया किड्स एंड लेडीज वियर नाम से कपड़े की दुकान है। आरोपी ने अपनी दुकान की पिछली गली में नशीले पदार्थ बनाने का कारखाना स्थापित किया है। एमडी नशीली दवाओं का निर्माण कर रहा था। दूसरी टीम में सहायक पुलिस निरीक्षक जगदीश गावित, कांस्टेबल हेमंत महाले, अनूप रक्शे, प्रमोद जामदाड़े, उत्तर प्रदेश पहुंची। उक्त टीम एवं स्पेशल टास्क फोर्स, जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश द्वारा संयुक्त रूप से 27 अप्रैल 2025 को छापा मारकर अभियुक्त मोहम्मद कय्यूम मोहम्मद यूनुस हाशमी उम्र 45 वर्ष, सोहावल, जिला अयोध्या, राज्य उत्तर प्रदेश उनके साथी बिपिन बाबूलाल पटेल, उम्र 70 वर्ष, निवासी जिला. अहमदाबाद, गुजरात राज्य एमडी की मदद से इस उत्पादन कर रहे थे जीने दबोच लिया।

# सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ की ओर से स्व एस एम शुक्ला लाईफ टाईम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई , सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ की ओर स्वर्गीय एस एम शुक्ला को जीवन गौरव पुरस्कार दिया गया। डॉ प्रवीण वाजपेई अध्यक्ष सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ की ओर से विश्व कामगर दिवस एवं महाराष्ट्र दिवस के उपलक्ष्य में और स्वर्गीय एस एस एम शुक्ला की 105 वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थापक अध्यक्ष सीआरएमएस आर पी भटनागर हमारे महान नेता, पूर्व अध्यक्ष और संरक्षक सीआरएमएस कार्यकारी अध्यक्ष एनएफआईआर राष्ट्रीय सचिव इंटक को ट्रेड यूनियन में उनके विशेष अविश्वसनीय योगदान के लिए LIFETIME ACHIEVEMENT अवार्ड दिया गया।



डॉ प्रवीण वाजपेई अध्यक्ष सहित कार्यकारी अध्यक्ष वी के सावंत, अनिल कुमार दुबे महासचिव ,कोषाध्यक्ष रामगोपाल निम्बालकर द्वारा सम्मानित किया गया। मान्यता चुनाव में प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतु सभी मंडल अध्यक्ष सचिव एवं शाखाओं के अध्यक्ष सचिव सहित सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा 1984 में संघ की पत्रिका रेल केशरी मथुरा से प्रकाशन प्रारंभ किया। रेल केशरी की उपाधि स्व शुक्ला को स्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने दी। संघर्ष को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाते हुए हमें और अधिक मेहनत करनी होगी। सभी को संकल्प लेना चाहिए कि केवल एक ही यूनियन रेलवे में स्थापित करने हेतु एकजुटता का प्रयास करें। कामगार सेना के कार्यकारी अध्यक्ष संजय जोशी महासचिव दिवाकर देव ने भी वरिष्ठ कामगार नेता का स्वागत किया। जोशी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा संगठन हर सम्भव सहयोग करते हुए रेल मजदूरों की समस्या के समाधान हेतु संकल्पित है।

डॉ भटनागर का स्वागत मुंबई मंडल अध्यक्ष विवेक सिसोदिया ने किया ,इस अवसर पर संजीव कुमार दुबे, एस पी सिंह ,एस के मिश्रा ,एस बी पाटील, वीरेंद्र सिंह, राकेश कुमार, शिल्पा पालव, धर्मेश कदम, आर जे सिंह, एम वाई खान, छाया शेलके, अमीर खान,राकेश श्रीवास, शांता राम गागुरडे, राजू परदेशी, सीमा मोहन, राजेन्द्र गुजरे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। रेल कर्मचारियों की सामाजिक सांस्कृतिक संस्था आरोही द्वारा सदाबहार गीतों का सुरीला संगीत प्रस्तुत किया। कलाकार दिनेश माने ,हेमन्त तेंदुलकर , प्रमोद ठक्कर, सुचिता अनीता पवार, राजेन्द्र तिवारी यशी साक्षी तिवारी ने मधुर आवाज में गीत प्रस्तुत किये। पहलगाम में पर्यटकों के नरसंहार का विरोध करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। यह जानकारी आर बी चतुर्वेदी जोनल मीडिया सलाहकार ने दी है।

फास्ट ट्रैक

## रेल हादसे में व्यक्ति की मौत

### हिमगिरी एक्सप्रेस की चपेट में आने से हादसा, शिनाख्त का प्रयास जारी

शाहजहांपुर, तिलहर कोतवाली क्षेत्र में गुल चांपा रेलवे क्रॉसिंग के पास एक बड़ा रेल हादसा हुआ। हिमगिरी एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना क्रॉसिंग से लगभग 100 मीटर की दूरी पर हुई। सूचना मिलते ही एसआई प्रदीप कुमार के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने सबसे पहले मृतक की पहचान करने का



प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, करीब 50 वर्षीय व्यक्ति अचानक दौड़कर ट्रेन के सामने आ गया। कुछ ही सेकेंड में हादसा हो गया। कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मृतक की शिनाख्त के लिए प्रयास कर रही है।

## हिंदू युवा वाहिनी कार्यकर्ता से मारपीट

### कार्यवाही न करने पर संगठन ने किया प्रदर्शन, सीओ को सौंपा ज्ञापन

शाहजहांपुर , तिलहर कोतवाली क्षेत्र में हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ता के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस की निष्क्रियता के विरोध में संगठन ने प्रदर्शन किया। संगठन के जिला महामंत्री नीरज वर्मा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने पुलिस क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव को ज्ञापन सौंपा। तिलहर बिलहरी मोड़ के पास पवन वर्मा की मोटरसाइकिल कुछ



युवकों की बाइक से टच हो गई। इस बात को लेकर विवाद शुरू हुआ। आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की। विरोध करने पर उन्होंने पवन के साथ मारपीट की। आरोपियों ने चाकू और डंडों से हमला भी किया। पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद संगठन के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए सीओ कार्यालय पहुंचे। सीओ ज्योति यादव ने प्रदर्शन पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि शिकायत सामान्य तरीके से भी की जा सकती थी, हंगामा करने की जरूरत नहीं थी।

## जलालाबाद का नाम 'परशुरामपुरी' रखने की मांग

### नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, जिला प्रशासन को भी भेजा गया प्रस्ताव

शाहजहांपुर , जलालाबाद में राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकताओं ने सोमवार को तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने नायब तहसीलदार रोहित कटियार को जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि जलालाबाद भगवान परशुराम की जन्मस्थली है। यह बात शास्त्रों से भी सिद्ध होती है। राष्ट्रीय बजरंग दल ने सर्वसमाज की आस्था का सम्मान करते हुए जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी करने की मांग की है। कार्यकताओं ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन पहले ही जलालाबाद का नाम परशुरामपुरी करने का प्रस्ताव जिला प्रशासन को भेज चुका है।

# हज के इच्छुक 52 हजार लोग का सपना अधूरा, आला अधिकारियों की मिली भगत से 260 करोड़ का घोटाला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , हज पर जाने के इच्छुक 52 हजार लोगों से प्रति व्यक्ति 50 हजार रुपए वसूल कर 260 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है। हज करने का सपना लेकर राज्य के कोने कोने से आकर बड़ी संख्या लोग मुंबई हज हाउस के सामने पड़े हैं। हज अधिकारी उनकी समस्या सुनने व मिलने के लिए तैयार नहीं हैं। इस आशय का सनसनीखेज खुलासा करते हुए महाराष्ट्र हज कमेटी के सदस्य इरफान शेख उर्फ बबलू भाई ने चेतावनी दी है कि हाजियों को शीघ्र न्याय नहीं मिला तो वे सड़क पर उतर कर आंदोलन करेंगे। उन्होंने हज के वरिष्ठ अधिकारियों और ट्रैवल एजेंसियों की देश, विदेश में बनाई बेनामी संपतियों की सीबीआई और ईडी से जांच कराने की मांग की है।

राज्य हज कमेटी के सदस्य शेख के पत्रकार सम्मेलन में बताया कि हज पर जाने के इच्छुक 52 हजार लोगों से प्रति व्यक्ति 50 हजार रुपए के हिसाब से 260 करोड़ रुपए देश भर की करीब 800 ट्रैवल्स एजेंसियों से वसूला गया है। हाजियों की सुविधा के लिए सऊदी हज प्राधिकरण में जमा करने के वहां की सरकार ने तीन माह का समय दिया लेकिन उक्त राशि सऊदी की सरकार के पास जमा नहीं कराया गया। भारत के लिए 1लाख 25 हजार लोगों के हज पर जाने का कोटा निर्धारित किया गया है। फिर भी लोगों से हज पर भेजने के पैसे वसूले गए हैं। ऐसे 52 हजार हज के लिए जाने के इच्छुक लोगों से सुविधा सेवा के रूप 260 करोड़ रुपए वसूला गया। हज कमेटी के सदस्य शेख ने कहा कि भारत सरकार अल्पसंख्यक विभाग के संयुक्त सचिव सी पी बख्शी, उप सचिव शुभेंदु श्रीवास्तव ट्रैवल्स एजेंसी चालक यूसुफ अहमद खराडे, और बी एस मकबूल इन चारों ने मिलकर घोटाला किया है।

उन्होंने कहा है कि लोगों के हज पर जाने लिए बुला लिया गया है जो मुंबई हज हाउस के सामने भीषण धूप और गर्मी में पड़े हैं । उनकी सुविधा के लिए शेड व पानी के व्यस्था नहीं की गई और न ही हज के आला अधिकारी उनसे मिलकर जानकारी दे रहे हैं। शेख ने सवाल उठाया है कि जब सऊदी सरकार ने भारत से हज के लिए आने का 1 लाख 25 हजार का कोटा निर्धारित कर दिया तो क्यों लोगों के साथ धोखाधड़ी की गई। उन्होंने बताया कि इसके लिए हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और अल्पसंख्यक मंत्री किरण रिजिजू से न्याय दिलाने की मांग रहे है। उन्होंने कहा कि तीन वर्ष राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुझे महाराष्ट्र हज कमेटी का सदस्य बनाया था। हज यात्रियों के लिए मैं काम कर रहा हूं जब मैं अपने समाज को न्याय नहीं दिला सका तो सड़क पर उतरकर हाजियों की लड़ाई लडूंगा।

# अंबरनाथ के महात्मा गांधी विद्यालय के 12 वीं के छात्रों का रिजल्ट रहा 90 प्रतिशत से ऊपर।

### विज्ञान विभाग में वैभवी रमेश महस्कर और वाणिज्य विभाग में चैतन्य चंदू महाजन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





अंबरनाथ. सोमवार 05 मई को महाराष्ट्र माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने महाराष्ट्र बोर्ड 12 वीं कक्षा का रिजल्ट 2025 जारी कर दिया है। ज्ञात है कि 12 वीं की परीक्षा 11 फरवरी से 11 मार्च 2025 के मध्य संपन्न हुई थी। इस वर्ष परीक्षा में 91.88 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। इस बार भी महाराष्ट्र की बेटियों ने ही बाजी मारी है। दि एजुकेशन सोसायटी अंबरनाथ द्वारा संचालित महात्मा गांधी विद्यालय व कनिष्ठ महाविद्याल, अंबरनाथ के विद्यार्थियों का एचएससी का रिजल्ट विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी उल्लेखनीय और उत्कृष्ट रहा है।

विज्ञान विभाग के विद्यार्थी

महात्मा गांधी विद्यालय में विज्ञान विभाग से कुल 153 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिसमें 147 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए और अनुत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की संख्या 6 रही। इस प्रकार विज्ञान विभाग का रिजल्ट 96.08 प्रतिशत रहा।

1. वैभवी रमेश महस्कर 531/600 88.50 प्रतिशत
2. आदित्य अविनाश मोहोपे 462/600 77.00 प्रतिशत
3. अभय कल्याण सिंह सोलंकी 447/600 74.50 प्रतिशत

वाणिज्य विभाग के विद्यार्थी

वाणिज्य विभाग से कुल 230 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिसमें 212 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए और 18 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे। इस तरह वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत रहा 92.17 प्रतिशत।

1. चैतन्य चंदू महाजन 529/600 88.17 प्रतिशत
1. श्रुति सतीश 529/600 88.17 प्रतिशत
2. रिया आशीष दुबले 521/600 86.83 प्रतिशत
3. आलोक मनोज सिंह 521/600 86.00 प्रतिशत

विद्यालय के मुख्याध्यापक संतोष भणगे ने अपने विद्यालय के 12 वीं के रिजल्ट पर खुशी व्यक्त की है। उन्होंने श्रेष्ठता सूची में आने वाले और सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। विज्ञान विभाग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा वैभवी रमेश महस्कर को भविष्य में आईटी फील्ड में बीटेक करना है और वाणिज्य विभाग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले चैतन्य चंदू महाजन को भविष्य में कंपनी सेक्रेटरी में अपना भविष्य संवारना है।

# उल्हासनगर का अमृतवेला ट्रस्ट नानक रोटी मिशन की तर्ज पर पशु पक्षियों को भी भोजन पानी उपलब्ध करवा रहा है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

उल्हासनगर. भारतीय धर्म संस्कृति में दान धर्म का विशेषकर अन्नदान का बड़ा महत्व है। किसी भूखे को खाना खिलाना बड़ा ही पुण्य का कार्य माना जाता है। उल्हासनगर क्रमांक 4 स्थित अमृतवेल ट्रस्ट अपने नानक रोटी मिशन के जरिए इस कार्य को विगत कई वर्षों से कर रहा है। अमृतवेला ट्रस्ट उल्हासनगर की ओर से ₹नानक रोटी मिशन, अब कोई भूखा ना सोये ₹ के संकल्प मिशन के तहत भूखे और जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध करवा रहा है।




ट्रस्ट ने इस मिशन को आगे बढ़ाते हुए अब निरीह पशु पक्षियों के लिए भी भोजन की व्यवस्था प्रारंभ की है। नानक रोटी मिशन का वाहन अब उल्हासनगर शहर में आवारा घूमते पशुओं जैसे गाय,कुत्ते,अन्य पशु पक्षियों को प्रत्येक दिन दही भात के रूप में भोजन उपलब्ध कराएगा। इस उपक्रम की शुरूआत विगत 27 अप्रैल को अमृतवेला ट्रस्ट के प्रमुख भाई गुरप्रीत सिंह जी ( रिंकुवीर जी ) के कर कमलों द्वारा शहर के अन्य अनेक पशुप्रेमियों के सानिध्य में किया गया। ट्रस्ट द्वारा पशुओं को भोजन के साथ साथ उनकी चिकित्सा के लिए एम्बुलेंस, नसबंदी की व्यवस्था, पशुओं के अंतिम संस्कार की व्यवस्था इत्यादी समस्याओं पर भी कार्य करने की चर्चा कर रहा है। भाई गुरप्रीत सिंह ( रिंकुवीर जी ) के अमृतवेला ट्रस्ट को वर्ष 2018 में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन द्वारा सबसे बड़ी प्रभात फेरी और विशाल मौन सत्संग समागम आयोजित करने के लिए उक्त रिकॉर्ड बुक में नाम भी दर्ज हो चुका है।

## डीसीएम-की टक्कर से युवक की मौत

### राशन लेने जाते समय हादसा, ईंट भट्टे पर करता था मजदूरी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक दर्दनाक सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। थाना खुटार क्षेत्र के सियूरा गांव निवासी मुकेश की डीसीएम से टक्कर के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। मुकेश ईंट भट्टे से काम करके लौटा था। वह राशन खरीदने के लिए बाइक से बाजार जा रहा था। गुरगिया गांव के पास डीसीएम ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे



में मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल मुकेश को पहले सीएचसी भेजा। बाद में उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक के पिता ने बताया कि मुकेश की शादी हो चुकी थी। उसकी पत्नी पांच साल पहले घर छोड़कर चली गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही फरार डीसीएम चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# 13 किसानों को फसल नुकसान का मिला मुआवजा

- जलालाबाद विधायक ने अग्निकांड पीड़ितों को 3.39 लाख रुपए के चेक बांटे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, जलालाबाद में मुख्यमंत्री खेत खलिहान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना के तहत 13 किसानों को आर्थिक मदद दी गई। विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने उप जिला अधिकारी दुर्गेश यादव और मंडी समिति सचिव राजीव रंजन की मौजूदगी में चेक वितरित किए। इन किसानों की गेहूं की फसल हाल ही में खेत में आग लगने से जल गई थी। मुआवजा पाने वाले किसानों में महुआ गोरा गाड़ गांव के इंद्रजीत सिंह, भानु प्रताप सिंह, राहुल सिंह, मिथिलेश, राधा सिंह, विमल सिंह और शिवेंद्र प्रताप सिंह शामिल हैं। इसके अलावा गांव सुखनैया के राधेश्याम और सतीश, बारा कला के राम रूप, लालपुर के सदाबृक्ष, सरफरा के बिज पाल तथा मनिहार के लाल बहादुर को भी मुआवजा मिला। प्रत्येक किसान को उनकी फसल के नुकसान के अनुसार राशि दी गई।



# दो बाइकों की टक्कर

### एक व्यक्ति की मौत, तीन घायल; बेटी के घर जाते समय हादसा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में तीन अन्य लोग घायल हुए हैं। मृतक की पहचान हरदोई के थाना पचदेवरा के हुसैन नगला गांव निवासी 50 वर्षीय बालकराम के रूप में हुई है। बालकराम अपने बेटे सुशील के साथ सोमवार की शाम मिजार्पुर थाना क्षेत्र के जरियनपुर में रहने वाली बेटी के घर जा रहे थे। कोला पुल के पास सामने से आ रही बाइक से उनकी टक्कर हो गई। हादसे में दोनों



बाइकों पर सवार चारों लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, एंबुलेंस और पुलिस की मदद नहीं मिलने पर घायलों को एक निजी वाहन से जलालाबाद सीएचसी ले जाया गया। आरोप है कि वहां डॉक्टर नहीं मिलने और समय पर इलाज न मिल पाने के कारण बालकराम की मौत हो गई। अन्य तीन घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मिर्जापुर में हुई बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता

### सुप्रिया मौर्या प्रथम, तान्या केशरी द्वितीय और नैना साहू तृतीय स्थान पर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, गणेशगंज मोहल्ले में भारत विकास परिषद भागीरथी और पाल्क संस्था ने निशुल्क चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। स्व. शीला खंडेलवाल की स्मृति में आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सुप्रिया मौर्या ने प्रथम, तान्या केशरी ने द्वितीय और नैना साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सांत्वना पुरस्कार दिए गए। बच्चों ने कोरे कागज पर अपने सपनों और कल्पनाओं को चित्रित किया। पल्लवी खंडेलवाल ने कहा कि भारत विकास परिषद समाज के उत्थान और बच्चों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में पाल्क संस्था को दो सिलिंग फैन दान किए गए। सुधांशु अग्रवाल, रजिना अख्तर




और शमीम बानो के निर्णायक मंडल ने विजेताओं का चयन किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इस अवसर पर स्व. शीला खंडेलवाल को श्रद्धांजलि दी गई। पाल्क संस्थाध्यक्ष अर्चना खंडेलवाल ने स्व. शीला खंडेलवाल के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद और पाल्क संस्था के कई सदस्य मौजूद रहे। सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

# शादी से 5 दिन पहले प्रेमिका की मौत

- प्रेमी अस्पताल में भर्ती, परिजनों ने युवक पर लगाया गला दबाने का आरोप

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक प्रेमी प्रेमिका ने एक साथ जहर खा लिया। प्रेमिका की मौत हो गई। जबकि प्रेमी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतका के परिजनों ने बताया कि मंगलवार को युवती का तिलक था और दस मई को शादी होना थी। गांव का युवक रात में घर के अंदर घुसा था। उसको पकड़ने के बाद छत पर देखा तो युवती मृतक अवस्था में थी। उन्होने युवक पर गला दबाने का आरोप लगाया है। वहीं युवक के परिजनों ने कहा कि युवती के परिवार ने युवक के साथ मारपीट की है। फिलहाल युवक का इलाज चल रहा है। पुलिस ने युवती का शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खुटार थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले 22 साल के युवक का गांव की रहने वाली युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती सक्सेना और युवक कश्यप बिरादरी का है। बीती रात दोनों ने जहर खा लिया। युवती का शव उसके मकान के ऊपर पड़ा मिला। जबकि परिजनों को युवक गंभीर हालत में अपने घर पर मिला। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं युवक का राजकीय मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। मृतका के परिजनों का आरोप है कि गांव का रहने वाला युवक रात में मकान में घुसा था। आंख खुलने पर सभी ने युवक को पकड़ लिया। छत के ऊपर देखा तो युवती का शव पड़ा था। उसका गला दबाया गया। उसके पास जहरीले पदार्थ की दुर्गंध आ रही थी। उन्होंने कहा कि युवती ने जहर खाया और युवक ने उसका गला भी दबाया। उसके बाद युवती के परिवार ने उसके साथ मारपीट भी की थी। युवती के परिवार की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक को राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया।


## भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त )
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# इजराइल गाजा पर पूरी तरह से कब्जा करेगा

## वॉर कैबिनेट ने प्लान को मंजूरी दी, आईडीएफ चीफ बोले- इससे बंधकों की जान को खतरा

एजेंसी

तेल अवीव, इजराइली सेना गाजा में सैन्य अभियान को और तेज करेगी। इजराइल की वॉर कैबिनेट ने सोमवार को इस फैसले पर मंजूरी दे दी। इसमें गाजा पर पूरी तरह से कब्जा करने और पूरे इलाके पर कंट्रोल करने का प्लान शामिल है। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक अधिकारी ने कहा कि उम्मीद है कि इसे अगले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की यात्रा के बाद ही इसे लागू किया जाएगा। इजराइल तब तक हमास के साथ सीजफायर और बंधक समझौते पर पहुंचने की कोशिश जारी रखेगा। हालांकि इजराइली सेना के चीफ इयाल जमीन ने गाजा में अभियान तेज करने को लेकर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि यह अभियान गाजा में बंधकों की जान को



खतरे में डाल सकता है। हालांकि उन्होंने कहा कि नए प्लान से हमास के खिलाफ ज्यादा मजबूत हमले करने और वहां रह गए बंधकों को लाने में मदद मिलेगी। जमीर ने वॉर कैबिनेट की बैठक में कहा कि गाजा पर कंट्रोल करने की कोशिश में जरूरी नहीं कि सेना बंधकों तक पहुंच पाएगी। ऐसी स्थिति में वे बंधकों को खो सकते हैं। जमीर ने कहा कि गाजा में इजराइली सेना के एक्शन के दो मकसद हैं। पहला मकसद हमास को हराना दूसरा बंधकों को बचाना है। लेकिन दोनों मकसद एक साथ पूरा करने में मुश्किलें आ सकती हैं। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को हमला कर इजराइल के 250 से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया था। बंधकों की रिहाई के बाद अब हमास के पास इजराइल के 59 बंधक और बचे हैं, जिसमें से 35 की मौत हो चुकी है। इससे एक दिन पहले सेना इयाल जमीर ने कहा था कि वे अपने रिजर्व सैनिकों को इसके लिए बुला रहे हैं। उन्होंने कहा कि इजराइली सेना गाजा में जमीन और जमीन के भीतर बने हमास के सभी बुनियादी ढांचे को बर्बाद कर देगी। इजराइल और हमास के बीच 8 हफ्ते से जारी सीजफायर 18 मार्च को टूट गया था।

इसके बाद इजराइल ने फिर से गाजा पर हमला करना शुरू कर दिया था। इजराइल ने गाजा को मिलने वाली मदद पर भी रोक लगा दी है। दोनों देशों के बीच सीजफायर को लेकर बातचीत अभी भी रुकी हुई है।

हमास ने बंधकों की रिहाई पर आगे की चर्चा करने से इनकार कर दिया है जब तक कि इजराइल युद्ध को समाप्त करने और गाजा से अपनी सभी सेनाओं को वापस बुलाने के लिए सहमत नहीं हो जाता।

यूनाइटेड नेशन के मुताबिक इजराइल ने गाजा के 70% इलाके को रेड जोन घोषित कर रखा है। यहां रहने वाले लोगों को इलाका छोड़ने के आदेश दे दिए गए हैं।

# चीन पर टैरिफ को लेकर ट्रम्प का यू-टर्न

## कहा- उसकी अर्थव्यवस्था संकट में; 20 दिन पहले यूएस ने 145%, चीन ने 125% टैरिफ लगाया था

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इशारा दिया है कि वे चीन पर लगाए गए टैरिफ को कम कर सकते हैं। उन्होंने ये माना कि मौजूदा टैरिफ दरें इतनी ज्यादा हैं कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं ने एक-दूसरे के साथ व्यापार करना ही बंद कर दिया है। ट्रम्प ने एक शो में कहा कि किसी भी समय मैं चीन पर टैक्स घटा दूंगा, क्योंकि अगर ऐसा नहीं किया गया तो उनके साथ व्यापार करना मुमकिन नहीं होगा और वे व्यापार करना चाहते हैं। ट्रम्प ने इशारा किया कि चीन की इकोनॉमी इस वक्त मुश्किल में है। वहां



फैक्ट्रियों में कामकाज 2023 के बाद से सबसे बुरी हालत में है। एक्सपोर्ट के ऑर्डर भी काफी गिर गए हैं। अपनी अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत ट्रम्प ने अमेरिका में सामान बेचने वाले सभी देशों पर 10% टैरिफ लगाया था, लेकिन चीन पर टैरिफ बढ़ाते-बढ़ाते 20 अप्रैल को 145% तक कर दिया था। बदले में चीन ने भी अमेरिकी सामान पर 125% तक का टैरिफ लगा दिया था। रविवार को आए इंटरव्यू में ट्रम्प ने माना कि चीन पर टैरिफ का असर पड़ा है, फैक्ट्रियां बंद हो रही हैं और बेरोजगारी काफी बढ़ गई है, लेकिन उन्होंने साफ कहा कि बातचीत शुरू करने के लिए वो पहल नहीं करेंगे। एंकर क्रिस्टन वेल्कर ने पूछा, क्या आप चीन से बातचीत शुरू करने के लिए टैरिफ हटाने वाले हैं? इस पर ट्रम्प ने जवाब दिया, मैं ऐसा क्यों करूं? ट्रम्प ने ये भी कहा कि बीजिंग की तरफ से हाल में कुछ अच्छे संकेत मिले हैं, लेकिन उन्होंने दोहराया कि अमेरिका और चीन के बीच कोई भी डील तभी होगी जब वो बराबरी की होगी। इस बीच चीन ने शुक्रवार को पहली बार संकेत दिए कि वो अमेरिका के साथ बातचीत के लिए तैयार है। वो अमेरिका के साथ ट्रेड डील की संभावना तलाश रहा है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका की ट्रेड बातचीत की पेशकश पर चीन विचार कर रहा है, लेकिन बातचीत तभी शुरू होगी जब ट्रम्प एकतरफा तौर पर लगाए गए टैरिफ को खत्म करेंगे। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते ट्रेड वॉर ने वित्तीय बाजारों को हिलाकर रख दिया है और इससे मैन्युफैक्चरिंग उपकरणों के साथ-साथ कपड़े और खिलौनों जैसी सस्ती चीजों की कीमतें बढ़ने का खतरा है, जिन पर कई अमेरिकी निर्भर रहते हैं। वहीं, ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक, चीन की फैक्ट्रियों में कामकाज 2023 के बाद से सबसे बुरी हालत में हैं।

# पाकिस्तानी संसद में भारत के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास

## विशेष सत्र में बोले पीएके मंत्री– हमें एकजुट होकर मैसेज देने की जरूरत

एजेंसी



इस्लामाबाद, पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने सर्वसम्मति से भारत के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया है। कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने कहा- इस वक्त देश में राष्ट्रीय एकता की जरूरत है। हमें इस पर सामूहिक संदेश देने की जरूरत है। कानून मंत्री ने नेशनल असेंबली के डेली कामकाज को स्थगित करने का प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने कहा- हम अपने देश के लिए एक हैं और हमें यह संदेश अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी भेजना चाहिए। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने आज भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच सोमवार को नेशनल असेंबली (संसद) का विशेष सत्र बुलाया था। भारत ने पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए कई बड़े फैसले लिए, जिनके तहत सिंधु जल समझौता स्थगित करना और पाकिस्तानी नागरिकों के लिए लॉन्ग टर्म वीजा रद्द करना शामिल है। इससे पहले कल यानी रविवार को पाकिस्तान में सुरक्षा स्थिति पर जानकारी देने के लिए रविवार को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। अभी इस बैठक के मुद्दे सामने नहीं आए हैं। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तानी सैन्य प्रवक्ता ने सभी दलों के प्रतिनिधियों को देश सुरक्षा स्थिति के बारे में बताया। रेडियो पाकिस्तान की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सर्वदलीय बैठक में अलग-अलग डिप्लोमैटिक मुद्दों पर पाकिस्तान की स्थिति और किसी भी हालात में पाकिस्तानी सेना की तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई। भारत पाकिस्तान में बढ़ते तनाव पर आज संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में बैठक होगी। इस बैठक की मांग पाकिस्तान ने की है, जिसे ग्रीस ने अपनी अध्यक्षता में मंजूरी दे दी है। संयुक्त राष्ट्र में ग्रीस के पमानेंट मेंबर इवानगेलोस सेकेरीस ने कल बताया था कि भारत-पाकिस्तान मसले पर जल्द मीटिंग हो सकती है। उन्होंने कहा था कि इसमें देर होने से अच्छा है कि यह पहले ही हो जाए। इससे दोनों देशों के बीच तनाव कम किया जा सकता है। पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि सस्पेंड करने के बाद भारत ने रविवार को चिनाब नदी का पानी रोक दिया। न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, जम्मू के रामबन में बने बागलिहार बांध से चिनाब का पानी रोका गया है। वहीं कश्मीर में किशनगंगा बांध के जरिए झेलम नदी का पानी रोकने की प्लानिंग चल रही है। उधर एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक पीएम और एयरचीफ मार्शल के बीच पहलगाम हमले को लेकर बातचीत हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा कि, रक्षा मंत्री के तौर पर मेरी जिम्मेदारी है कि भारत पर बुरी नजर रखने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाए। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि आप (देशवासी) जो चाहते हैं वह निश्चित रूप से होगा। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में आतंकी हमला हुआ। इसमें भारत के 26 आम नागरिक मारे गए थे, जिसके बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाई कई बड़े फैसले लिए हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार बंद हो गया है।

# सऊदी अरब में धूल भरी आंधी का कहर

## रेत के बवंडर से ढक गया अल कासिम शहर; मक्का-रियाद में भारी बारिश की चेतावनी

एजेंसी

रियाद, सऊदी अरब के अल कासिम इलाके में रविवार को धूल भरी आंधी ने पूरे शहर अपनी चपेट में ले लिया। इसकी वजह से पूरा आसमान धूल और रेत से ढक गया और विजिबिलिटी 100 मीटर से भी कम हो गई। यह तूफान इतना भयानक है कि 1500 से 2000 मीटर की ऊंचाई तक धूल की दीवार बन गई। सऊदी नेशनल मेट्रोलॉजिकल सेंटर लोगों को मौसम संबंधी चेतावनियों पर नजर



रखने और सुरक्षा निदेशों का पालन करने की सलाह दी है। इसके साथ ही जजान, असीर, अल बहा, मक्का, रियाद और अल कासिम के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। रेत का तूफान एक प्राकृतिक मौसमी घटना है, जो मुख्य रूप से रेगिस्तानी इलाके में होती है। गर्मी की वजह से इन इलाकों में कम दबाव का क्षेत्र बनता है, जिससे तेज हवाएं चलती हैं। गर्म हवाएं और अस्थिर मौसम रेत के तूफान को ट्रिगर करते हैं। कभी ठंडी और गर्म हवा के टकराव से भी तूफान उठता है। तेज हवाएं: रेत का तूफान आने की एक मुख्य वजह तेज हवाएं भी होती है। कभी कभी जब हवा की स्पीड 30-50 किमी/घंटा से ज्यादा होती है, तो इससे रेत और धूल उड़ने लगते हैं और आपस में इक्ट्ठा होकर तूफान का रूप ले लेते हैं। शुष्क मिट्टी और रेत: रेगिस्तानी इलाकों में नमी की कमी की वजह से मिट्टी और रेत ढीली और सूखी होती है।

इससे हवा आसानी से रेत को उड़ा लेती है। ज्योग्राफिकल लोकेशन: मिडिल ईस्ट में मौजूद सहार और अरब के रेगिस्तान रेत के तूफानों के लिए ज्यादा संवेदनशील होते हैं। ये इलाके सूखे और खुले होते हैं, जहां बड़ी मात्रा में होती है।

# सफेद हाथी बन गया बीबीएमबी

## मान सरकार का प्रस्ताव- हरियाणा को एक बूंद भी नहीं देंगे



एजेंसी

हरियाणा और पंजाब के बीच भाखड़ा बांध जल बंटवारा विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में दोनों राज्यों के बीच वार-पलटवार भी देखने को मिल रहा है। वहीं, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का बड़ा बयान सामने आया है। भगवंत मान ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार, हरियाणा ने 31 मार्च तक अपने हिस्से का पानी इस्तेमाल कर लिया है। फिर भी हम उन्हें पीने का पानी दे रहे हैं। उन्हें 20 मई की रात को पानी मिलेगा। 15 दिन तक उन्हें अपनी गलती का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। भगवंत मान ने आगे कहा कि हमने उन्हें छह पत्र लिखे थे। हर महीने मीटिंग होती थी, और हम हर महीने उन्हें लिखते थे कि इस बार उनका पानी खत्म हो जाएगा। फिर भी उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया। पंजाब ने डैम सेफ्टी एक्ट को निरस्त कर दिया। इइटइ (भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड) का आचरण तानाशाही है, इसका कड़ा विरोध किया गया है। यह पारित हो चुका है कि बीबीएमबी सफेद हाथी बन गया है, पंजाब खर्च उठाता है लेकिन पंजाब को दरकिनार करके फैसले पारित किए जाते हैं। वे 3-4 घंटे के नोटिस पर मीटिंग बुलाते हैं। लेकिन आपातकालीन मीटिंग के

**भगवंत मान ने आगे कहा कि हमने उन्हें छह पत्र लिखे थे। हर महीने मीटिंग होती थी, और हम हर महीने उन्हें लिखते थे कि इस बार उनका पानी खत्म हो जाएगा। फिर भी उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया। पंजाब ने डैम सेफ्टी एक्ट को निरस्त कर दिया।**

लिए भी एक सप्ताह का नोटिस चाहिए...वे 6-7 घंटे का नोटिस भी नहीं देते। इसलिए, इइटइ का पुनर्गठन किया जाना चाहिए।

भगवंत मान ने कहा कि पंजाब बांध सुरक्षा अधिनियम को निरस्त कर रहा है। पंजाब अपना स्वयं का अधिनियम लाएगा, क्योंकि हम अपने बांधों की सुरक्षा करना जानते हैं। भगवंत मान सरकार ने सोमवार को राज्य विधानसभा में एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें पड़ोसी राज्य के लिए अपने हिस्से का एक भी बूंद पानी नहीं छोड़ने का संकल्प जताया गया। पंजाब के जल संसाधन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान प्रस्ताव पेश किया और इसे सदन में चर्चा के लिए रखा गया। गोयल ने प्रस्ताव पढ़ते हुए कहा कि भाजपा हरियाणा और केंद्र में अपनी सरकारों तथा भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के माध्यम से पंजाब के अधिकारों को छीनने की कोशिश कर रही है।

# छत्तीसगढ़ शराब घोटाला: सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को लगाई फटकार

## कहा- आप बिना सबूत के लगा रहे आरोप कई मामलों में यही तरीका अपनाया

**राज्य सरकार ने जमानत याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा था कि आरोपी का मामले में अन्य आरोपियों के साथ आमना-सामना कराया जाएगा। आरोपी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल ने दलील दी थी कि मामले में तीन आरोपपत्र दाखिल किए जा चुके हैं और आरोप अभी तय नहीं किए गए हैं। शीर्ष अदालत ने अरविंद सिंह और अमित सिंह का पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा से आमना-सामना कराने की अनुमति दे दी और मामले की अगली सुनवाई नौ मई के लिए तय की।**

एजेंसी




नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीगढ़ शराब घोटाला मामले में एक आरोपी के खिलाफ बिना किसी सबूत के आरोप लगाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सोमवार को फटकार लगाई और कहा कि यह एक चलन बन गया है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ छत्तीसगढ़ में कथित 2,000 करोड़ रुपये के शराब घोटाले में अरविंद सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने कहा, ईडी ने कई मामलों में यही तरीका अपनाया है। आप बिना किसी सबूत के सिर्फ आरोप लगाते हैं। अभियोजन इस तरीके से अदालत के सामने टिक नहीं पाएगा। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने आरोप लगाया कि सिंह ने विकास अग्रवाल नामक एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलीभगत करके 40 करोड़ रुपये कमाए। जब अदालत ने पूछा कि क्या अग्रवाल को आरोपी बनाया गया है, तो राजू ने जवाब दिया कि वह फरार है। पीठ ने कहा, आपने एक विशिष्ट आरोप लगाया है कि उन्होंने (सिंह ने) 40 करोड़ रुपये कमाए। अब आप इस व्यक्ति का इस या किसी अन्य कंपनी से संबंध नहीं दिखा पा रहे हैं। अदालत ने कहा, आपको यह बताना चाहिए कि क्या वह उन कंपनियों के निदेशक हैं, क्या वह बहुलांश शेयरधारक हैं, क्या वह प्रबंध निदेशक हैं। कुछ तो होना ही चाहिए।

राजू ने कहा कि कोई व्यक्ति किसी कंपनी को नियंत्रित कर सकता है, लेकिन जरूरी नहीं कि वह कंपनी के संचालन के लिए जिम्मेदार हो। शीर्ष अदालत ने कहा कि एजेंसी बेबुनियाद आरोप लगा रही है। मामले की अगली सुनवाई नौ मई को होगी। शीर्ष अदालत ने 28 अप्रैल को छत्तीसगढ़ सरकार की खिंचाई करते हुए पूछा था कि वह राज्य सरकार के अधिकारियों द्वारा दर्ज शराब घोटाला मामले में आरोपी को कब तक जेल में रखेगी। अदालत ने उल्लेख किया था कि मामले में तीन आरोपपत्र दाखिल किए गए हैं और जांच अब भी जारी है। पीठ ने मौखिक टिप्पणी में कहा था, जांच अपनी गति से चलती रहेगी। यह अनंत काल तक चलती रहेगी।

# मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के ऑडियो टेप पर सुप्रीम कोर्ट ने एफएसएल की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया

### फिर से जांच का दिया आदेश

**पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि वह केंद्रीय एफएसएल से ऑडियो टेप की पुनः जांच कराने और एक नई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए केंद्र सरकार से निर्देश प्राप्त करें।**

एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से संबंधित लीक हुए ऑडियो टेप पर केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत सीलबंद लिफाफे में फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया और सरकार को एक नई रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि केंद्रीय एफएसएल को उन ऑडियो फाइलों की फिर से जांच करनी होगी, जिनमें सिंह को कथित तौर पर यह कहते हुए सुना जा रहा है कि राज्य में जातीय हिंसा उनके आग्रह पर भड़काई गई थी, और फिर एक नई रिपोर्ट पेश करनी होगी। पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि वह केंद्रीय एफएसएल से ऑडियो टेप की पुनः जांच कराने और एक नई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए केंद्र सरकार से निर्देश प्राप्त करें। सॉलिसिटर जनरल द्वारा सीलबंद लिफाफे में पेश की गई रिपोर्ट की जांच के बाद कोर्ट ने यह निर्देश जारी किए।

# पहलगाम आतंकी हमले का दृढ़ता से मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए

## सचिन पायलट ने पाकिस्तान को सबक सिखाने की कही बात

**कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के मामले में केंद्र सरकार को दृढ़ता से मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। पायलट ने कहा कि इस मामले में कांग्रेस पार्टी व समूचे विपक्ष ने केंद्र सरकार का समर्थन किया है।**

एजेंसी

पहलगाम हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया हैं। ऐसे में कई राजनेता इस हमले पर राजनीति भी करते नजर आये। वहीं ऐसे विकट समय में कुछ नेता ऐसे भी है जो राष्ट्रहित के बारे में सोचते हैं राजनीति को परे रखते हुए। इन्हीं में से एक हैं कांग्रेस नेता सचिन पायलट। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने रविवार को कहा कि पहलगाम में नागरिकों पर हाल में हुआ आतंकवादी हमला राष्ट्र पर हमला है और देश पाकिस्तान को करारा जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने



कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के मामले में केंद्र सरकार को दृढ़ता से मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। पायलट ने कहा कि इस मामले में कांग्रेस पार्टी व समूचे विपक्ष ने केंद्र सरकार का समर्थन किया है। पायलट, उदयपुर में संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे। पायलट ने पहलगाम आतंकी हमले के बारे में पूछे जाने पर कहा, ह्लक्या और कैसे कार्रवाई करनी है ये तो केंद्र सरकार जानती है। लेकिन मैं इतना जानता हूं कि भारत का एक-एक नागरिक इस बात के लिए आतुर है कि हम जल्द से जल्द एक प्रभावी कार्रवाई करें ताकि आतंकवाद को दुबारा पनाह देने की हिम्मत पाकिस्तान न करे। उन्होंने कहा, आज देश के 140 करोड़ लोग एकजुट हैं और चाहते हैं कि पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब मिलना चाहिए। बिना समय खोए सरकार को अपने सब संसाधन इकट्ठा करके कारवाई करनी चाहिए। क्योंकि अब यह साबित हो चुका है कि पाकिस्तान नहीं चाहता कि हमारे देश में अमन चैन रहे। पहलगाम के बैसरन में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गयी थी, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। पायलट ने कहा, मुझे लगता है कि केंद्र सरकार को बिना समय खोए निसंकोच होकर दृढ़ता से मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए।

## संक्षेप

### मजदूर दिवस पर सुल्तानपुर में विशेष कार्यक्रम

**श्रमिक लाभार्थियों को मिला 2.25 लाख का अनुदान, अपर जिला जज ने किया वितरण**

सुलतानपुर, विधिक सेवा प्राधिकरण ने अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर तहसील सदर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में अपर जिला जज विजय गुप्ता मुख्य अतिथि थे। अपर जिला जज विजय गुप्ता ने श्रमिकों के अधिकारों और योगदान को सम्मानित करने की बात कही। सहायक श्रमायुक्त मधुबनराम ने श्रमिकों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। मातृत्व शिशु बालिका मदद योजना के तहत 6 लाभार्थियों को महिला कर्मकार को 55 हजार रुपये डीबीटी और 25 हजार की एफडी दी गई। लाभार्थियों में रवि प्रकाश, कुसुम, शिवजीत पाल, जितेन्द्र कुमार, कंचन और रामलखन मौर्या शामिल हैं। यह राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी गई। एक दिवंगत श्रमिक की माँ सुनीता देवी को निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना के तहत पुरुष कर्मकार को 31 हजार रुपये डीबीटी और 25 हजार की एफडी प्रदान की गई।

### फैमिली कोर्ट से हटाए गए वकीलों के तख्ते

**बार एसोसिएशन ने जिला जज से मिलकर रखी समस्या, जल्द समाधान का मिला आश्वासन**

सुलतानपुर, फैमिली कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं के बैठने के लिए लगे तख्तों को अचानक हटा दिया गया। इससे युवा अधिवक्ताओं में नाराजगी है। वकीलों का कहना है कि बिना किसी पूर्व सूचना या वैकल्पिक व्यवस्था के प्रशासन ने यह कार्रवाई की है। इस मामले में बार एसोसिएशन सुलतानपुर के अध्यक्ष रणजीत सिंह त्रिसुंडी और महासचिव रमाशंकर पाण्डेय ने सोमवार को जनपद न्यायाधीश लक्ष्मीकांत शुक्ल से मुलाकात की। उन्होंने अधिवक्ताओं की समस्याओं से जिला जज को अवगत कराया। जिला जज ने बार संघ के सदस्यों के लिए जल्द ही उचित बैठने की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। बार अध्यक्ष त्रिसुंडी ने बताया कि फैमिली कोर्ट परिसर में व्याप्त अव्यवस्था के कारण जिला जज के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए जल्द ही उचित समाधान निकाला जाएगा।

### पुरानी रंजिश में व्यक्ति पर जानलेवा हमला

**सुल्तानपुर में 4 लोगों ने की फायरिंग, पैर में लगी गोली**

सुलतानपुर, थाना कुड़वार क्षेत्र अंतर्गत दुल्लापुर गांव में शनिवार देर रात मोहम्मद मुजाहिद अपने घर के बरामदे में लेटे हुए थे। इसी दौरान गांव के ही मोहम्मद असीर, मोहम्मद मेहरबान, अबुबकर और मोनू ने उन पर हमला कर दिया।आरोपियों ने पहले गालियां दीं। जब मुजाहिद ने उन्हें ऐसा करने से मना किया, तो उन्होंने फायरिंग कर दी।

# शव रख चक्काजाम करने में 30 के खिलाफ केस दर्ज

**हत्या का आरोप लगाकर किया था हंगामा, बाइक फूंकने की कोशिश में दो नामजद**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, दांत के डॉक्टर राजकुमार उर्फ अभय की मौत के बाद सड़क जाम कर हंगामा करने, चक्काजाम कर बवाल करने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। कैंट थाने की पुलिस ने पुलिस ने नामजद दो आरोपितों को रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। जबकि अन्य की तलाश में दबिश दी जा रही है। मामले में दो नामजद और 30 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस सीसीटीवी, वीडियो, फोटो के आधार पर हंगामा करने वालों की पहचान कर रही है। कैंट थाना क्षेत्र के नेवादा राजापुर के रहने वाले राजकुमार 30 अप्रैल की शाम लापता हो गए थे। उनकी लाश यमुना नदी में मिली थी। इस मामले पर हंगामा हो गया था। सर्कुलर रोड पर घरवालों ने शव रख जाम लगा दिया था। सैकड़ों की भीड़ ने हंगामा कर बाइक फूंकने की कोशिश की थी। सड़क जाम कर हंगामा किया गया था। राजकुमार के घरवालों ने सौरभ कुशवाहा निवासी गंगानगर नेवादा, सौरभ के बड़े भाई, शान निवासी अंबेडकर नगर नेवादा समेत तीन अन्य अज्ञात पर हत्या करने का आरोप लगाया था। उनका आरोप था कि पिछले वर्ष राजकुमार पर जानलेवा हमला किया गया था। उसमें कई लोग नामजद हुए थे। राजकुमार गवाही न दे, इसलिए उसकी हत्या कर शव को यमुना नदी में फेंक दिया गया। तहरीर के आधार पर कैंट पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। साढ़े तीन घंटे तक हंगामा चला था। इसमें पुलिस की काफी किरकिरी हुई थी।

एसआई निखिल यादव, भूपेंद्र यादव आदि ने घेराबंदी कर रविवार सुबह सौरभ व शान को द्रोपदी घाट के पास से गिरफ्तार कर लिया। रास्ताजाम व बाइक फूंकने के मामले में दो को नामजद करते हुए 30 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# कौंधियारा सीएचसी में सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

**अस्पताल में गंदगी, खराब एक्स-रे मशीन और प्रसव सुविधाओं की कमी मिली**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज , यमुनापार स्थित कौंधियारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए के तिवारी ने औचक निरीक्षण किया। अस्पताल परिसर में गंदगी देखकर उन्होंने कर्मचारियों को फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्पतालों में गंदगी और अनियमितता स्वीकार नहीं की जाएगी। सीएमओ ने दवा स्टोर और डिलीवरी प्वाइंट का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों को बाहर की दवा लिखने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. पंकज कुमार पवन और अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। अस्पताल में पिछले चार वर्षों से एक्स-रे मशीन खराब पड़ी है। अल्ट्रासाउंड सेवा भी उपलब्ध नहीं है। सीएमओ ने बताया



कि इन सुविधाओं को शुरू करने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन के लिए भी पत्राचार किया गया है। उन्होंने कहा कि जल्दी इस समस्या से लोगों को राहत मिलेगी। ग्रामीणों के अनुसार सीएचसी में प्रसव सुविधाएं भी नहीं हैं। प्रसव के लिए बाहर से प्राइवेट महिला को बुलाना पड़ता है। आपातकालीन स्थिति में मरीजों को प्राइवेट अस्पताल रेफर किया जाता है। रात्रि में डॉक्टरों की उपलब्धता भी एक समस्या है। इमरजेंसी में बाहरी प्राइवेट चिकित्सकों पर निर्भर रहना पड़ता है। सीएमओ ने कहा कि सीएचसी में डाक्टरों की कमी की बात सामने आई है। इसके लिए भी प्रयास किया जा रहा है।

# लूट और मारपीट के मामले में पुलिस पर कार्रवाई

- कोर्ट ने दिया आदेश, 6 पुलिसकर्मी 2 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, गौरीगंज में एक युवक से हुई लूट और मारपीट के मामले में कोर्ट के आदेश पर छह पुलिसकर्मियों और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। बसायकपुर गांव के अंजनी कुमार यादव 19 अप्रैल 2023 को रात 9 बजे बाइक से घर लौट रहे थे। गुडूर गांव के पास दो अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोककर डंडों से हमला कर दिया। हमलावरों ने अंजनी को घायल कर छह हजार रुपये नकद, मोबाइल फोन और जरूरी दस्तावेज लूट लिए। पुलिस ने घटना के बाद पीड़ित को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।




लेकिन इसके बाद न तो एफआईआर दर्ज की और न ही कोई जांच की। पीड़ित के कई बार थाने जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस ने लूटा गया मोबाइल फोन बिना सिम कार्ड के लौटा दिया। थाने में सुनवाई न होने पर पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर एसपी कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर सिपाही अनुज कुमार शुक्ला और सर्विलांस सेल में तैनात पांच अन्य पुलिसकर्मियों के साथ दो अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दलित परिवार ने 5 लाख सहित सुरक्षा की मांग की

**सुलतानपुर में किसान की पीट कर हुई थी हत्या, दो दिन बाद अंतिम संस्कार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, दोस्तपुर थाना क्षेत्र के सुरहुरपुर गांव में लाठी-डंडों से पीटकर की गई दलित किसान राम खिलाड़ी की हत्या का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। तीसरे दिन मृतक का अंतिम संस्कार उनके घर से 400 मीटर दूर किया गया। आरोपी राम सजीवन वर्मा और उसके 4-5 साथी लड़की लादने का बहाना बनाकर राम खिलाड़ी और मोतीलाल को अपने साथ ले गए।

तीन घंटे बाद गांववासी विनोद ने राम खिलाड़ी की हत्या की सूचना दी। पुलिस और एम्बुलेंस तुरंत मौके पर पहुंची।

राम खिलाड़ी को दोस्तपुर सीएचसी ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी अमरावती की शिकायत पर एक



नामजद और 5 अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने आज मृतक के घर पहुंचकर परिवार की मांगों को लेकर एसडीएम कादीपुर के लिए एक मांग पत्र इंस्पेक्टर दोस्तपुर को सौंपा। इसमें परिवार की सुरक्षा, सभी अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी, भरण-पोषण के लिए आर्थिक मदद, शस्त्र लाइसेंस और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग की गई है। पुलिस की कई टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हुई हैं।

# अवैध गैस सिलेंडर भंडारण का भंडाफोड़

- गो गैस गोदाम से 347 कमर्शियल सिलेंडर जब्त, सुरक्षा मानकों की अनदेखी, दर्ज हो रहा केस

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश कुमार मौर्य और एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी की टीम ने गो गैस एजेंसी के गोदाम पर छापेमारी की। टीम को गोदाम से 347 अवैध कमर्शियल सिलेंडर मिले। जिसमें भरे और खाली दोनों सिलेंडर शामिल हैं। जांच में पाया गया कि सिलेंडरों का भंडारण बिना सुरक्षा मानकों के किया गया था। गोदाम के भीतर मदन चंद्र गुप्ता के नाम का बोर्ड मिला। अधिकारियों ने सभी सिलेंडरों को जब्त कर लिया। जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश मौर्या ने बताया कि उन्हें अवैध भंडारण की सूचना मिली थी। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए गोदाम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। सिलेंडरों से भरे वाहन को कोतवाली देहात थाने भेज दिया गया है। सूचना पाकर सुल्तानपुर, राणा और हिंदुस्तान गैस एजेंसी के प्रोपराइटर मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने जब्त सिलेंडर इन्हीं एजेंसियों को सौंप दिए हैं। प्रशासन अब कानूनी कार्रवाई की तैयारी में जुटा है। जिला पूर्ति अधिकारी



ने चेतावनी दी है कि भविष्य में इस तरह की शिकायत मिलने पर गैस वितरकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि एजेंसी संचालक के विरुद्ध कोतवाली देहात थाने में तहरीर दी गई है। जिस पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# एयर गन से गोली मारकर 12 बंदरों की हत्या

**मथुरा में यूक्रेनी नागरिक पकड़ा गया; लोग बोले-30 दिन में 60 को मारा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, 30 दिन में 60 बंदरों के शव मिले। 12 की मौत एक ही दिन में हुई, तो क्षेत्र में कोहराम मच गया। लोगों की सूचना पर पुलिस और पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचे। शवों की जांच में एयर गन की गोली के निशान मिले। एक बंदर घायल मिला है, जिसके सिर से गोली निकाली गई है। लोगों का आरोप है कि गोवर्धन में एक यूक्रेनी नागरिक रहता है। उसी ने एयर गन से बंदरों को गोली मारी है। वह 30 दिनों से ऐसा कर रहा है। अभी तक 60 से ज्यादा बंदरों की हत्या कर चुका है। पुलिस यूक्रेनी नागरिक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। लोगों का कहना है कि गोवर्धन परिक्रमा मार्ग के किनारे हर दिन जमीन पर बंदर पड़े मिलते थे। उन्हें लगा कि बंदरों में कोई बीमारी फैल रही है। जिसकी वजह से उन्हें दफना देते थे। जब मौतों की संख्या बढ़ने लगी तब पुलिस को सूचना दी। गोवर्धन परिक्रमा मार्ग के किनारे बरगद के पेड़ के नीचे सोमवार सुबह 12 बंदरों के शव जमीन पर पड़े थे। कोई सीधा था तो कोई उल्टा, तो कोई आढ़ा-तिरछा पड़ा था। एक साथ इतने बंदरों के शव देखकर गांव वाले घबरा गए। लोगों ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को घटना की सूचना दी। यूक्रेनी नागरिक का भारतीय नाम बृज सुंदर दास ग्रामीणों ने बताया कि ये विदेशी नागरिक यूक्रेन से आया है। जोकि राधा मदन मोहन आश्रम पर रहता है। यहां एक भारतीय नागरिक भजन दास भी रहते हैं। यूक्रेनी नागरिक का भारतीय नाम बृज सुंदर दास है। ये अपने नाम के साथ अपने गुरु का नाम 'भक्ति विज्ञान गोस्वामी' भी लिखता है। गांव वालों ने बताया- ये परिक्रमा मार्ग है। यहां मार्ग के दोनों तरफ जंगल है। जहां पर 1000 से ज्यादा बंदर रहते हैं। पिछले कई दिनों से यहां बंदरों की 2-3 लाशें दिखती थी। कभी कुंड में, कभी सड़क के बीचों-बीच तो कभी पेड़ में नीचे दिखाई देते थे।

# 5 पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज

**कोर्ट के आदेश पर एक नामजद , दो अन्य लोग भी शामिल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, गौरीगंज थाना क्षेत्र में ढाई साल पहले हुई लूट के मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिसकर्मियों समेत 7 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। मामला बसायकपुर निवासी अंजनी कुमार यादव से जुड़ा है। यादव ने शिकायत में बताया कि ढाई साल पहले उनसे मारपीट कर 6 हजार रुपए और मोबाइल छीन लिया गया था। पुलिस ने उनकी शिकायत दर्ज नहीं की। इसके बाद पीड़ित ने सुल्तानपुर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। पीड़ित ने बताया कि गौरीगंज जनपद अमेठी में श्रीमान पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने स्थित आशुतोष मेडिकल स्टोर पर काम करता है।



हमेशा की तरह ही वह 19 अप्रैल 2023 की रात को करीब 10:30 बजे मेडिकल स्टोर बंद करने के बाद निकला। इसके बाद वह गौरीगंज बाजार में कुछ आवश्यक घरेलू सामान लेने के लिए करीब एक घंटे तक रुका। पीड़ित जैसे ही गुड्डू थाना गौरीगंज जनपद अमेठी के पास पहुंचा तो पहले से ही घात लगाकर बैठे दो अज्ञात व्यक्ति मुंह पर कपड़ा बंधी हुई अचानक से मोटरसाइकिल के सामने आ गए और हाथ में लिए डंडे से हमला कर दिया। इस घटना में उसे गंभीर चोट आई।

फिर उसने बताया कि आरोपियों ने उसके पास से 6000 और उसका फोन, ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य कागजात छीन लिया गया। पीड़ित ने बताया कि चोटिल अवस्था में वह घटनास्थल से 200 मीटर दूरी पर स्थित अपने सगे भाई अनिल यादव और सुख दान बहादुर यादव के घर पहुंचा। कुछ देर में गांव के ही दिनेश कुमार , बुधराम, यासीन रजा अवधेश नारायण, मदन मौर्या ,अश्वनी ,पप्पू यादव भी आए गए और 112 नंबर डायल करके पुलिस को घटना की जानकारी दी।

# महिलाओं और बच्चों से दबंगों ने की मारपीट

**टप्पल में बच्चों के विवाद में भिड़े पड़ोसी, मुकदमे के बाद वीडियो हो रहा वायरल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, टप्पल थाना क्षेत्र के ऊपरकोट इलाके में महिलाओं और बच्चों के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि बच्चों के विवाद के बाद पड़ोसी आपस में भिड़ गए और जमकर मारपीट हुई। इस दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष ने दूसरे पक्ष की महिलाओं और बच्चों के साथ भी जमकर मारपीट की। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायलों को उपचार के लिए



अस्पताल भेजा था और मामले की जांच करते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी थी। घटना के बाद अब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। टप्पल के ऊपरकोट इलाके में पड़ोस में ही रहने वाले बच्चों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। बच्चों के बीच का विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। बताया जा रहा है कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के ऊपर हमला बोल दिया और मारपीट की। आरोपियों ने लाठी-डंडे से जमकर मारपीट की। इसमें कई लोगों के चोटें भी आई हैं। मारपीट के दौरान आसपास के लोगों ने घटना के वीडियो बना लिए, जिसके बाद यह मामला सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वहीं पुलिस मामले की जांच मे जुटी है और दोनों पक्ष के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**गले में चप्पल लटकी मिली, परिजनों का हत्या का आरोप**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, जामो थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। देव नगर चौराहे के पास गांव के बाहर एक पेड़ से 25 वर्षीय गया प्रसाद का शव लटका मिला। मृतक के गले में उसकी चप्पल भी लटकी हुई थी। मृतक के चाचा सियाराम के अनुसार, गया प्रसाद कल शाम 6 बजे घर से निकला था। रात भर परिवार ने उसकी तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। आज सुबह ग्रामीणों को पेड़ से लटका शव दिखाई दिया। परिजनों ने हत्या कर शव को पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है। जामों थाने के एसएचओ विनोद सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**रातभर ढूंढता रहा पिता, पेड़ से लटकता मिला इकलौते बेटे का शव; परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, जामों थाना क्षेत्र के मझगवां ग्राम सभा में सोमवार सुबह देवनगर चौराहे के पास एक नाले के किनारे स्थित पेड़ पर 26 वर्षीय युवक गयाप्रसाद पुत्र मातादीन का शव गमछे के फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण और मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए। युवक पेशे से मजदूर था। उसके परिवार में माता-पिता, बीवी और एक (7) महीने की बच्ची थी। घर का इकलौता बेटा होने



के कारण वह अपने परिवार का पालन-पोषण अकेले कर रहा था। उसकी शादी तीन साल पहले हुई थी। परिवार में शोक का माहौल है। परिवार के लोग उसकी मौत पर कई सवाल उठा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस करीब तीन घंटे बाद मौके पर पहुंची। इस देरी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। घटना में कई संदिग्ध पहलू सामने आए हैं। मृतक के गले में अन्य कपड़े की रस्सी बनाकर लटकाई गई थी। साथ ही उसके पैर में सुतली बंधी हुई थी और चप्पल भी लटकी मिली। क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अरविंद वर्मा, स्थानीय थाना प्रभारी जामों थाने के विनोद कुमार सिंह, (सीओ) समेत पांच थानों की फोर्स और भारी मात्रा में पीएससी जवान मौजूद थे।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291RNI No-MAHHIN2017/74173
संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001
संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी